# भूगोल

## भारत का भूगोल

### सामान्य परिचय

**1. The country India shares longest international boundary with:**
**भारत देश की अधिकतम अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है**

(a) Pakistan/पाकिस्तान के साथ
(b) Nepal/नेपाल के साथ
(c) Bangladesh/बांग्लादेश के साथ
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***
***BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)***

**Ans. (c)** : भारत की अधिकतम अंतर्राष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश के साथ (4096 किमी.) तथा नेपाल (1751 किमी.) के साथ लगती है। भारत सात देशों के साथ स्थलीय सीमा साझा करता है।

**2. The Indian Standard Time (IST) is taken at which longitude-/किस रेखांश पर भारतीय मानक समय अपनाया जाता है?**

(a) 78.5° E/78.5° पूर्व
(b) 82.5° E/82.5° पूर्व (East)
(c) 87.5° E/87.5° पूर्व
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 Exam 21/07/2024***

**Ans. (b):** भारतीय मानक समय के रूप में 82.5° पूर्व देशांतर रेखांश को अपनाया गया है। यह 5 राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा एवं आंध्रप्रदेश से होकर गुजरती है। ज्ञातव्य है कि भारतीय मानक समय ग्रीनविच समय से $5\frac{1}{2}$ घंटे आगे है।

**3. Indian continent was earlier part of/ भारतीय उपमहाद्वीप पूर्व में मूलतः एक भाग था-**

(a) Tethys /टेथिस का
(b) Gondwanaland/गोण्डवाना लैण्ड का
(c) Pangea /पैंजिया का
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 Exam 21/07/2024***

**Ans. (b):** पूर्व में भारतीय उपमहाद्वीप (प्रायद्वीपीय भारत) गोण्डवाना लैंड का भू-भाग था। भूगर्भीय रूप से, भारतीय उपमहाद्वीप उस भू-भाग से संबंधित है जो क्रेटेशियस के दौरान सुपर-कॉन्टिनेंट गोंडवाना लैंड से अलग होकर लगभग 55 मिलियन वर्ष पूर्व यूरेशिया से जुड़ा था।

**4. दक्षिण प्रायद्वीपीय उच्चभूमि___ का भाग है।**

(a) गोण्डवाना लैन्ड
(b) लॉरेंशिया लैन्ड
(c) अन्टार्कटिका महाद्वीप
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. What is the distance between Sun and Earth?**
**सूर्य से पृथ्वी की कितनी दूरी है?**

(a) 93 million miles/93 मिलियन मील
(b) 103 million miles/103 मिलियन मील
(c) 83 million miles/83 मिलियन मील
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans.(a):** सूर्य से पृथ्वी की दूरी लगभग 93 मिलियन मील है। सूर्य से बढ़ती दूरी के क्रम में पृथ्वी का स्थान तीसरा है। सौरमण्डल में कुल 8 ग्रह हैं जिनमें सिर्फ पृथ्वी पर जीवन की उपस्थिति है।

**6. Which of the following cities is located in the North of Tropic of Cancer?**
**निम्नलिखित नगरों में से कौन-सा नगर कर्क रेखा के उत्तर में अवस्थित है?**

(a) Bhopal /भोपाल
(b) Aizawl /आइजोल
(c) Ranchi /राँची
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans. (b) :** भारत में कर्क रेखा के उत्तर में अवस्थित नगरों में आइजोल शामिल है, जबकि भोपाल और राँची कर्क रेखा के दक्षिण में अवस्थित है।

**7. The driest place in India is**
**भारत का सबसे शुष्क स्थान है**

(a) Leh/लेह
(b) Bikaner/बीकानेर
(c) Jaisalmer/जैसलमेर
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 10/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (c) :** भारत का सबसे शुष्क स्थान पश्चिम राजस्थान में स्थित जैसलमेर है। यहाँ न्यूनतम वार्षिक वर्षा 10 सेमी. है। जैसलमेर में खूबसूरत बलुआ पत्थर पाये जाने के कारण 'स्वर्ण सिटी' भी कहा जाता है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

8. **How many States of India have common border with Pakistan and Bangladesh?**
**भारत के कितने राज्यों की सामान्य सीमा (कॉमन बॉर्डर) पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के साथ है?**
(a) 6
(b) 5
(c) 7
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 10/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (e) :** भारत की सीमा 9 देशों से संलग्न है। जिनमें 7 देशों से स्थलीय एवं 2 देशों से समुद्री सीमाएँ साझा होती हैं। पाकिस्तान की सीमा (5 राज्यों केन्द्रशासित) जम्मू कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, राजस्थान और गुजरात से तथा बांग्लादेश की सीमा (5 राज्यों) पश्चिम बंगाल, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और असम से मिलती है। भारत के किसी भी राज्य की सीमा पाकिस्तान एवं बांग्लादेश से साझा रूप से संलग्न नहीं है।

9. **The Tropic of Cancer covers the maximum area of**
**कर्क-रेखा द्वारा सर्वाधिक क्षेत्र आच्छादित है**
(a) Ranchi Plateau/राँची पठार का
(b) Malwa Plateau/मालवा पठार का
(c) Chota Nagpur Plateau/छोटा नागपुर पठार का
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 09/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (b):** कर्क रेखा द्वारा सर्वाधिक आच्छादित क्षेत्र मालवा के पठार है क्योंकि कर्क रेखा इसके मध्य से होकर गुजरती है। जबकि कर्क रेखा राँची के पठार के उत्तरी हिस्से से और छोटा नागपुर पठार के दक्षिण हिस्से से गुजरती है। इसलिए इनके कम क्षेत्रफल को आच्छादित करती है।

10. **उत्तराखण्ड का कौन-सा जिला तिब्बत सीमा से नहीं लगा है?**
(a) उत्तरकाशी (b) चमोली
(c) अल्मोड़ा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c) :** उत्तराखण्ड का अल्मोड़ा जिला तिब्बत की सीमा से नहीं लगता है। अल्मोड़ा जिला, उत्तराखण्ड के कुमाऊं प्रभाग का जिला है। इसका मुख्यालय अल्मोड़ा ही है। यह समुद्र तल से 1,638 मीटर ऊँचा है।

11. **किस पठार पर कर्क-रेखा तथा भारतीय मानक समय रेखा एक-दूसरे को काटती हैं?**
(a) बुन्देलखण्ड (b) बघेलखण्ड
(c) मालवा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (b) :** बघेलखण्ड पठार पर कर्क-रेखा तथा भारतीय मानक समय रेखा एक-दूसरे को काटती हैं। बघेलखण्ड का क्षेत्र मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में फैला हुआ है। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में स्थित महानदी के तट पर भैसामुंडा भारत का एकमात्र स्थान है जहाँ से कर्क रेखा तथा भारतीय मानक समय रेखा एक-दूसरे को काटते हैं।

## पर्वतीय, पठारी एवं मैदानी क्षेत्र तथा प्रमुख दर्रे

12. **The share of mountains in total land area of India is**
**भारत के कुल भूमि-क्षेत्र में पर्वतों का हिस्सा है।**
(a) 30 percent /30 प्रतिशत
(b) 27 percent /27 प्रतिशत
(c) 40 percent /40 प्रतिशत
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans. (a) :** भारत के कुल भूमि-क्षेत्र में पर्वतों का हिस्सा 30 प्रतिशत है। यह गंगा और यमुना जैसी कई महत्वपूर्ण नदी प्रणालियों को जन्म देते हैं, जो हिमालय से निकलती है।

13. **As per geographical area, arrange the following physiographic units of India in ascending order**
**भौगोलिक क्षेत्रफल के अनुसार, भारत की निम्नलिखित भौतिक (फिजियोग्राफिक) इकाइयों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:**
**1. Central highlands/केन्द्रीय उच्चभाग**
**2. Great plains/महान मैदान**
**3. Coastal plains/तटीय मैदान**
**4. Northern Mountains/उत्तरी पर्वत**
**Select the correct answer using the codes given below./नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**
(a) 3, 1, 2, 4
(b) 1, 2, 3, 4
(c) 2, 4, 1, 3
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 15/12/2023 (Paper-IV)**

**Ans.(e):** भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल पर विभिन्न स्थलाकृतियों का विस्तार इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| महान मैदान | - 43.2% |
| केन्द्रीय उच्चभूमि | - 27.7% |
| पहाड़ियाँ | - 18.5% |
| ऊँचे पर्वत | - 10.6% |

अतः कोई भी विकल्प सही नहीं है।

14. **'केन्द्रीय उच्चभूमि' के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**
(a) इसका पश्चिमी भाग मालवा पठार है।
(b) यह दक्कन पठार का भाग है।
(c) यह अरावली से घिरा है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (d) :** केन्द्रीय उच्चभूमि अरावली श्रेणी से घिरा हुआ है, तथा इसका पश्चिमी भाग मालवा का पठार है। अरावली श्रेणी पालनपुर (गुजरात) से राजस्थान होकर दिल्ली तक लगभग 800 किमी. लम्बी कैम्ब्रियन युग की पर्वत शृंखला है। मालवा पठार के अधिकतर भागों को केन्द्रीय उच्च भूमि (The central upland) की संज्ञा प्रदान की गई है।

**15. Highest Mountain peak of India is known as**
**भारत की सबसे ऊँची पर्वत श्रेणी कहते हैं-**

(a) Kanchenjunga/कंचनजंगा
(b) Everest/एवरेस्ट
(c) K-2/के-2
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 Exam 21/07/2024***

**Ans. (c):** भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर गॉडविन ऑस्टिन के-2 है, काराकोरम श्रेणी में स्थित इस शिखर की ऊँचाई 8611 मीटर है, जबकि भारत में स्थित हिमालय की सर्वोच्च चोटी कंचनजंगा है। सिक्किम के उत्तर-पश्चिम भाग में नेपाल और भारत की सीमा पर स्थित कंचनजंगा दुनिया की तीसरी सबसे ऊँची पर्वत श्रेणी (चोटी) है। 8586 मीटर यानी 28,169 फीट की ऊँचाई वाली ये चोटी माउंट एवरेस्ट से महज 262 मी. कम है।

**16. The highest peak in the Eastern Ghats of India is :**
**भारत के पूर्वी घाट की सबसे ऊँची चोटी है–**

(a) Kanchenjunga/कंचनजंगा
(b) Anai Mudi/अनाई मुडी
(c) Mahendragiri/महेंद्रगिरि
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (11-12) Exam 22/07/2024***

**Ans.(c):** दिए गए विकल्पों में पूर्वी घाट की सबसे ऊँची चोटी महेन्द्रगिरि है। यह चोटी उड़ीसा के गजपति जिले में अवस्थित है तथा इसकी ऊँचाई 1501 मी. है। जबकि सम्पूर्ण पूर्वी घाट की सबसे ऊँची चोटी झिंदागिड़ा है। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में अवस्थित इस पर्वत की ऊँचाई 1690 मी. है इसे सीताम्मा कोंडा और अरमाकोंडा नाम से भी जाना जाता है।

**17. Arrange the following ranges from North to South in sequence:/निम्नलिखित श्रेणियों को उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम में व्यवस्थित कीजिए:**

**1. Ladakh/लद्दाख**
**2. Karakoram/काराकोरम**
**3. Pir Panjal/पीर पन्जाल**
**4. Zanskar/जांस्कर**

**Select the correct answer using the codes given below./नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1, 3, 2, 4
(b) 2, 1, 4, 3
(c) 3, 4, 1, 2
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 15/12/2023 (Paper-IV)**

**Ans.(b):** पर्वत श्रेणियों का उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम निम्नवत् है– काराकोरम–लद्दाख–जास्कर-पीर पंजाल

**18. Which one of the following sequences of the Himalayan ranges from south to north is correct ?**
**निम्न में से कौन-सा दक्षिण से उत्तर की ओर हिमालय पर्वतमालाओं का सही क्रम है?**

(a) Ladakh – Zaskar –Pir Panjal – Karakoram
लद्दाख – जास्कर – पीर पंजाल – काराकोरम
(b) Pir Panjal – Zaskar – Ladakh – Karakoram
पीर पंजाल – जास्कर – लद्दाख – काराकोरम
(c) Karakoram – Ladakh – Zaskar – Pir Panjal
काराकोरम – लद्दाख – जास्कर – पीर पंजाल
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (b)** : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. 'मालनाड' क्षेत्र का सम्बन्ध निम्नलिखित में से भारत के किस पठार से है?**

(a) तेलंगाना का पठार (b) महाराष्ट्र का पठार
(c) कर्नाटक का पठार (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (c) :** 'मालनाड' क्षेत्र का संबंध भारत के कर्नाटक के पठार से है। यह पठार धारवाड़ पर्वतीय प्रणाली की ज्वालामुखी चट्टानों और ग्रेनाइट से मिलकर बना है। इस पठार का नामकरण 'करनाड' जिसका अर्थ है– 'काली मिट्टी की भूमि' के नाम पर किया गया है।

**20. सतलुज और काली नदियों के बीच स्थित हिमालय के भाग को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?**

(a) कुमाऊँ हिमालय (b) असम हिमालय
(c) नेपाल हिमालय (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (a) :** कुमाऊँ हिमालय, सतलुज और काली नदी के बीच स्थित हिमालय का ही भाग है। इसका पश्चिमी भाग गढ़वाल हिमालय और पूर्वी भाग कुमाऊँ हिमालय कहलाता है। यह पंजाब हिमालय से अधिक ऊँचा है। नंदा देवी, केदारनाथ, बद्रीनाथ आदि प्रमुख चोटियाँ इसी भाग में है। गंगा-यमुना का उद्गम भी यहीं से होता है।

## अपवाह तंत्र, प्रमुख घाटियाँ, प्रपात एवं झीले

**21. Which of the following is the largest south bank tributary of the river Ganga?/गंगा नदी के दक्षिणी किनारे से मिलने वाली सबसे बड़ी सहायक नदी कौन-सी है?**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

(a) Kosi /कोसी
(b) Gandak /गंडक
(c) Son /सोन
(d) More than one of the above / उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नही

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (c):** गंगा नदी के दक्षिणी किनारे से मिलने वाली सबसे बड़ी नदी सोन (780 किमी.) है। गंगा की लंबाई 2525 किलोमीटर है। यमुना (1376 किमी.) गंगा नदी में दाहिनी ओर से मिलने वाली भारत की सबसे लम्बी नदी है। गंगा-ब्रह्मपुत्र मिलकर विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा का निर्माण करती हैं।

**22. Silent Valley is situated in which State?**
**'शांत घाटी' किस राज्य में स्थित है?**
(a) West Bengal/पश्चिम बंगाल
(b) Assam/असम
(c) Kerala/केरल
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans.(c):** केरल में 'शांत घाटी' स्थित है। 'फूलों की घाटी' उत्तराखण्ड में स्थित है।

**23. Kargil is located on the bank of:**
**कारगिल किस नदी के किनारे पर स्थित है?**
(a) Suru river/सुरु नदी
(b) Jhelum river/झेलम नदी
(c) Indus river/सिंधु नदी
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (a) :** कारगिल, सुरु नदी किनारे स्थित है। सुरु नदी सिंधु की सहायक नदी है।

**24. The banks of which river is planned to be developed as West Bengal Government Tea Park ?/किस नदी के किनारे को पश्चिम बंगाल सरकार टी पार्क के रूप में विकसित करने की योजना है?**
(a) Hooghly/हुगली
(b) Brahmaputra/ब्रह्मपुत्र
(c) Ganga/गंगा
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (a) :** पश्चिम बंगाल सरकार हुगली नदी के किनारे को टी-पार्क के रूप में विकसित करने की योजना है।

**25. 'बाल्टोरो' हिमनद अवस्थित है**
(a) पीर पंजाल में (b) जांस्कर में
(c) काराकोरम में (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** बाल्टोरो हिमानी पाक अधिकृत कश्मीर के गिलगित बाल्टीस्तान क्षेत्र के बाल्टिस्तान उप क्षेत्र में काराकोरम पर्वत माला में स्थित है। 63 किमी. लम्बाई में बाल्टोरो हिमनद ध्रुवीय क्षेत्रों के बाहर सबसे बड़े हिमनदों में से एक है। यह काराकोरम पर्वत शृंखला के हिस्से से होकर गुजरती है। काराकोरम एक विशाल पर्वत शृंखला है जिसका विस्तार पाकिस्तान, भारत और चीन के क्रमशः गिलगिट बाल्टिस्तान, लद्दाख और शिन्जियांग क्षेत्रों तक है।

**26. सोन नदी का उत्पत्ति-स्थल अमरकंटक कहाँ स्थित है?**
(a) मैकाल श्रेणी (b) मकालू श्रेणी
(c) राजमहल पहाड़ियाँ (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (a) :** अमरकंटक एक पवित्र शहर व गंतव्य स्थल है जो मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में मैकाल पर्वत श्रृंखला पर स्थित है जो विन्ध्याचल और सतपुड़ा पर्वत शृंखला को जोड़ता है। अमरकंटक समुद्र तल से 1067 मीटर पर है। यहाँ से नर्मदा व सोन नदी निकलती है।

**27. गंगा नदी के तट पर स्थित शहर है**
(a) प्रयागराज (b) कोलकाता
(c) भोपाल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (a) :** गंगा नदी के तट स्थित प्रमुख शहर प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी और हरिद्वार है। गंगा का उद्गम गोमुख हिमालय में हुआ है जो भारत की सबसे लंबी नदी 2525 किलोमीटर है। इसका मुहाना बंगाल की खाड़ी में है। यह उत्तर प्रदेश के 28 जिलों से होकर बहती है।

**28. Which river makes boundary between India and Nepal?/कौन-सी नदी भारत और नेपाल के बीच सीमा बनाती है?**
(a) Gandak/गंडक
(b) Kosi/कोसी
(c) Kali/काली
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (6-8) Re-exam 19/07/2024***

**Ans.(c):** काली नदी अथवा महाकाली नदी भारत और नेपाल के बीच सीमा बनाती है। 1916 में नेपाल और ब्रिटिश भारत (ईस्ट इंडिया कंपनी) के बीच हस्ताक्षरित सुगौली (बिहार में) के संधि के तहत काली नदी को भारत के साथ नेपाल की पश्चिमी सीमा निर्धारित की गयी थी।

**29. Oxbow lakes are found in**
**चापझील ( ऑक्सबो ) झील पायी जाती है।**
(a) glaciers/हिमनदो में
(b) river valleys/नदी घाटियों में
(c) deserts/रेगिस्तानों में
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (b) :** चापझील (Oxbow Lake) नदी घाटियों में पाई जाती हैं। मैदानी भागों में प्रवेश करने के उपरांत नदी क्षैतिज अपरदन के कारण कई घुमावदार मोड़ों से होकर प्रवाहित होती है। ये मोड़ 'नदी विसर्प' कहे जाते हैं। इन घुमावदार मोड़ो के विस्तृत होने के उपरांत नदी अपने विसर्प को छोड़कर सीधे मार्ग से प्रवाहित होती है। इन विसर्पों में जल भर जाने से निर्मित झील को गोखुर झील या चापाकार झील कहते है।

**30. Where does the Chenab River finally join the Indus River?**
**चिनाब नदी अन्ततः सिन्धु नदी में कहाँ पर मिलती है?**

(a) Mithankot /मिथनकोट
(b) Tandi /तांदी
(c) Ahmedpur Sial /अहमदपुर सियाल
(d) More than one of the above
उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (a)** चिनाब नदी, सिन्धु की सबसे बड़ी सहायक नदी है। यह बाड़ालाचा दर्रे के दोनों ओर से निकलने वाली 'चन्द्र' और 'भागा' नामक नदियों के तांडी में मिलने से बनती है। यह अखनूर (जम्मू-कश्मीर) के निकट मैदान में प्रवेश करती है। यह 'मीथनकोट' के पास सिंन्धु नदी से मिल जाती है। चिनाब नदी पर निर्मित महत्त्वपूर्ण जल परियोजनाएँ- बगलिहार, सलाल, दुलहस्ती है।

**31. Which of the following rivers has largest catchment area?/निम्नलिखित नदियों में से सबसे बड़ा जलग्रह-क्षेत्र किसका है?**

(a) Kalinadi /कालीनदी
(b) Ponnani /पोनानी
(c) Periyar /पेरियार
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त दी गई नदियों में पोनानी (भरतपूझा) नदी का जलग्रहण क्षेत्र सबसे बड़ा है। पोनानी नदी का जलग्रहण क्षेत्र 5397 वर्ग किमी. है। इसके पश्चात पेरियार नदी का जलग्रहण क्षेत्र 5243 वर्ग किमी. और कालिंदी नदी का जलग्रहण क्षेत्र 5179 वर्ग किमी. है। जलग्रहण क्षेत्र विशिष्ट क्षेत्र है जहाँ पानी नदी द्वारा बहाए जाने से पहले एकत्र होता है।

**32. कोसी मैदान की माध्य समुद्र तल से औसत ऊँचाई है**

(a) 300 m (b) 150 m (c) 30 m
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**
**BPSC TRE 2.0, 2023 (Paper I)**

**Ans. (c) :** कोसी मैदान की माध्य समुद्र तल से औसत ऊँचाई 30 मीटर है।

**33. गंडक नदी का दूसरा नाम है**

(a) बूढ़ी गंडक (b) महानन्दा
(c) नारायणी (d) पुनपुन

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c) :** गंडक नदी का दूसरा नाम नारायणी है। इसका उद्‌गम नेपाल सीमा के पास तिब्बत में समुद्र तल से 7620 मीटर की ऊँचाई से होता है। यह नदी नेपाल तथा भारत के उत्तरी भाग में बहने वाली महत्वपूर्ण नदी है। इसकी कुल लम्बाई 630 किमी. है। जिसमें से 185 किमी. नेपाल तथा 445 किमी. भारत में विस्तृत है।

**34. सुवर्णरेखा नदी निम्नलिखित में से किस गाँव के पास से निकलती है?**

(a) ओरमांझी (b) मंदार (c) हेहल (d) नगड़ी

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :** सुवर्ण रेखा नदी झारखण्ड में रांची के नगड़ी नामक स्थान से निकलती है जो ओडिशा से गुजरते हुए बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इसकी प्रमुख सहायक नदी राढ़ू, कांची तथा खरकई है।

**35. जलप्रपात और नदी के निम्नलिखित जोड़ों में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) जोग-शरावती (b) कपिलधारा - कावेरी
(c) धुआँधार - गोदावरी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**

**Ans. (d) :** धुआँधार जलप्रपात मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में नर्मदा नदी पर स्थित है, न कि गोदावरी नदी पर। जबकि कपिलधारा जलप्रपात नर्मदा नदी पर स्थित है, न कि कावेरी नदी पर।
जोग/गरसोप्पा जलप्रपात पश्चिमी कर्नाटक के शिमोगा जिले में शरावती नदी पर स्थित देश का दूसरा सर्वोच्च जल प्रपात है। इसका नया नाम 'महात्मा गाँधी जलप्रपात' है।

**36. लिखापानी हिमनद भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) सिक्किम (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**

**Ans. (a) :** लेखापानी हिमनद, अरुणाचल प्रदेश में स्थित लिखापानी दर्रे के पास स्थित है। यह हिमनद उच्च हिमालय में अरुणाचल प्रदेश और म्यांमार की सीमा पर स्थित है।
ध्यातव्य है कि लिखापानी असम राज्य के तिनसुकिया जिले में स्थित एक नगर भी है जोकि अपने चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध है।

**37. निम्नलिखित में से कौन-सी सहायक नदी ब्रह्मपुत्र से उत्तर दिशा से नहीं मिलती है?**

(a) सुबनसिरी (b) बेलसिरी
(c) मानस (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**
**BPSC TRE 2.0 7.12.2023 Shift II (Paper-III)**

**Ans. (e) :** ब्रह्मपुत्र नदी हिमालय के उत्तर में तिब्बत के पठार पर स्थित मानसरोवर झील के पास से निकलती है और हिमालय के साथ-साथ पूर्व की ओर बहती है। यह तीन देशों (चीन, भारत तथा बांग्लादेश) से होकर प्रवाहित होती है। चीन के तिब्बत पठार पर इसे सांग्पो नदी, अरुणाचल प्रदेश में इसे दिहांग नदी, असम में ब्रह्मपुत्र नदी तथा बांग्लादेश में जमुना नदी के नाम से जानी जाती है। दिबांग, लोहित, धनसिरी, कामेंग, मानस, तीस्ता तथा सुबनसिरी नदी ब्रह्मपुत्र से उत्तर दिशा में मिलने वाली सहायक नदी है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

## मानसून एवं वर्षा

**38. The best method to prevent flood is**
**बाढ़ को रोकने के लिए सबसे उत्तम विधि है**

(a) Grazing/चराई
(b) Afforestation/वनरोपण
(c) Deforestation/वनोन्मूलन
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***
***BPSC School Teacher - 2023 (Paper-II) Shift-I***

**Ans. (a)** : बाढ़ रोकने की सबसे उत्तम विधि वनरोपण (वृक्षारोपण) है। वृक्ष अपनी जड़ों के माध्यम से बहुत सारा जल अवशोषित करने में सक्षम होते हैं।

**39. What is India's position in the world on the basis of per capita water availability per year ? प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष जल उपलब्धता के आधार पर भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है ?**

(a) 123rd/123वाँ (b) 133rd/ 133वाँ
(c) 140rd/140 वाँ (d) 100rd/100 वाँ
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (6-8) Re-exam 19/07/2024***

**Ans.(b):** विश्व संसाधन संस्थान के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष जल उपलब्धता के मामले में भारत 164 देशों में 133 वें स्थान पर है। देश में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष जल उपलब्धता मात्र 1544 क्यूबिक मी. है, जो वैश्विक औसत 3000 क्यूबिक मी. से काफी कम है।

**40. Which of the following receives heavy rainfall in the month of October and November?/ निम्नलिखित में से कहाँ अक्तूबर और नवम्बर के महीने में भारी वर्षा होती है?**

(a) Hills of Garo, Khasi and Jaintia/गारो, खासी और जैंतिया की पहाड़ियाँ
(b) Coromandel Coasts/कोरोमंडल तट
(c) Plateau of Chota Nagpur/छोटानागपुर का पठार
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 15/12/2023 (Paper-IV)**

**Ans.(b):** अक्टूबर और नवम्बर के महीने में लौटते मानसूनी पवनों के द्वारा बंगाल की खाड़ी से जलवाष्प ग्रहण करने के बाद तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों (कोरोमण्डल तट) में वर्षा होती है। जबकि उत्तर भारत में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा पश्चिमी विक्षोभ के कारण होती है जो रबी की फसलों के लिए काफी फायदेमंद होती है।

**41. Tamil Nadu Coast receives rainfall during winter season due to: /शीत ऋतु में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा होने का कारण है**

(a) Retreating of South-west Monsoon/लौटते हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून
(b) South-west Monsoon/दक्षिण-पश्चिम मानसून
(c) Western disturbance/पश्चिमी विक्षोभ
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (a)** : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**42. During the monsoon season in India, most of the cyclones have their origin/भारत में मॉनसून सीजन में अधिकांश चक्रवातों की उत्पत्ति होती है**

(a) between 8° N and 13° N latitude /8° उ. और 13° उ. अक्षांश के मध्य
(b) between 10° N and 15° N latitude /10° उ. और 15° उ. अक्षांश के मध्य
(c) between 16° N and 21° N latitude /16° उ. और 21° उ. अक्षांश के मध्य
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 15/12/2023 (Paper-IV)**

**Ans.(e):** भारत में मॉनसून सीजन में अधिकांश चक्रवात 8° से 15° उत्तर अक्षांश के मध्य पैदा होते हैं। बंगाल की खाड़ी में ज्यादातर चक्रवात अक्टूबर–नवम्बर माह में बनते हैं। भारत में चक्रवातों का निर्माण अरब सागर से अधिक बंगाल की खाड़ी में होता है तथा ये चक्रवात अधिक खतरनाक होते हैं।

**43. हैदराबाद में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की सामान्य तिथि क्या है?**

(a) 1 अक्टूबर (b) 15 अक्टूबर
(c) 1 नवम्बर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (b) :** दक्षिण-पश्चिम मानसून एक प्रकार की मौसमी हवाएँ है, जो हिन्द महासागर और अरब सागर की ओर से भारत के दक्षिण–पश्चिमी तट की ओर बढ़ते हुए भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश में जून से सितम्बर के बीच बारिश कराती हैं। यह मानसून अक्टूबर व नवम्बर माह के बीच वापस लौटता है, जिसे मानसून का निवर्तन कहा जाता है। हैदराबाद में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की सामान्य तिथि 15 अक्टूबर है।

**44. ट्रिवार्था के अनुसार भारत की जलवायु किस प्रकार की है?**

(a) सवाना प्रकार (b) उपोष्ण मानसूनी जलवायु
(c) भूमध्यसागरीय प्रकार (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (b) :** ट्रिवार्था के अनुसार, भारत की जलवायु उपोष्ण मानसूनी प्रकार की है। भूमध्य रेखा के दोनों ओर 30°-45° अक्षांशों के मध्य भूमध्यसागरीय जलवायु क्षेत्र विद्यमान है। इसका विस्तार महाद्वीपों के पश्चिमी क्षेत्रों में पाया जाता है। इस प्रकार की जलवायु में ग्रीष्म ऋतु में वर्षा होती है। यहाँ रसेदार प्रकृति के फलों का उत्पादन होता है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**45. निम्नलिखित में से कौन-सी मध्यवर्ती गंगा के मैदानी कृषि-जलवायु प्रदेश की विशेषता नहीं है ?**

(a) यह गंगा और उसकी सहायक नदियों के अपवाह क्षेत्र में स्थित है
(b) इसका दो से अधिक राज्यों में विस्तार है
(c) यहाँ प्रति वर्ष 100 से.मी. से अधिक वर्षा होती है
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (e):** मध्यवर्ती गंगा के मैदानी कृषि-जलवायु प्रदेश के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार (छोटा नागपुर पठार को छोड़कर) के क्षेत्र शामिल हैं। यह एक उपजाऊ जलोढ़ मैदान है, जो गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों द्वारा बनाया गया है। यहाँ प्रतिवर्ष 75 से.मी. से 150 से.मी. की वर्षा होती है। उपरोक्त सभी विकल्प गंगा के मैदानी कृषि जलवायु प्रदेश की विशेषताएँ है, अतः अभीष्ट उत्तर (e) होगा।

**46. जी. टी. ट्रिवार्था के अनुसार, भारत में Am प्रकार की जलवायु का क्षेत्र है**

(a) मेघालय का पठार
(b) पश्चिमी तट
(c) कोरोमण्डल तटीय क्षेत्र
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (b) :** अमेरिकी भूगोलवेत्ता ग्लेन थॉमस ट्रिवार्था ने वर्ष 1966 में जलवायु वर्गीकरण प्रणाली को प्रस्तुत किया। ट्रिवार्था के अनुसार, दुनियाँ के सात प्रमुख जलवायु क्षेत्र है। Am प्रकार की जलवायु भारत के पश्चिमी तटीय मैदान के क्षेत्र में पायी जाती है। यह उष्णकटिबंधीय मानसून प्रकार की जलवायु का क्षेत्र है।

## वन क्षेत्र

**47. In which of the following states of India, the maximum teak forest is found?/भारत के किस राज्य में सर्वाधिक सागवन के जंगल पाये जाते हैं?**

(a) Bihar/बिहार
(b) Karnataka/कर्नाटक
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (c) :** भारत के मध्य प्रदेश में सर्वाधिक सागवान (सागौन) वन पाये जाते हैं। क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है।

**48. Mangrove forest of Ganga Delta is called/गंगा डेल्टा के सहाबहार वन क्षेत्र को क्या कहते है?**

(a) Sundergarh /सुन्दरगढ़
(b) Sunderban /सुन्दरवन
(c) Surendranagar /सुरेन्द्रनगर
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 Exam 21/07/2024***

**Ans. (b):** गंगा डेल्टा के सहाबहार वन क्षेत्र को सुन्दरवन कहा जाता है। इस क्षेत्र में सुन्दरी वृक्षों की सर्वाधिक संख्या होने के कारण इस क्षेत्र को सुन्दरवन कहा जाता है। यह विश्व के सबसे बड़े मैंग्रोव क्षेत्रों में से एक है। यह गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों के डेल्टा पर अवस्थित है।

**49. Thorn forests are not found in**
**काँटेदार जंगल नहीं पाये जाते हैं**

(a) Karnataka/कर्नाटक में
(b) Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश में
(c) Tamil Nadu/तमिलनाडु में
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 09/12/2023 (Paper-II)**

**Ans.(c):** कांटेदार जंगल व झाड़ियाँ ऐसे क्षेत्रों में पाये जाते हैं जहाँ वर्षा की मात्रा 70 सेमी. से कम हो। तमिलनाडु राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून एवं उत्तर-पूर्वी मानसून दोनों के द्वारा वर्षा होती है, इसलिए यहाँ कांटेदार जंगल पाये जाने की अनुकूल परिस्थितियाँ नहीं पायी जाती है।

**50. Grassland, scrub, forest, wastelands belonging both government and private individuals and communities are called/घास के मैदान, झाड़-झंघाड़, वन, बंजर भूमि सरकार और निजी दोनों तथा समुदाय सभी से सम्बन्धित हैं, उन्हें कहा जाता है**

(a) reserved forests /सुरक्षित वन
(b) protected forests /संरक्षित वन
(c) unclassified forests/अवर्गीकृत वन
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नही

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (c):** घास के मैदान, झाड़-झंघाड़, वन, बंजरभूमि सरकार और निजी दोनों तथा समुदाय, सभी से संबंधित वनों को अवर्गीकृत वन कहा जाता है। आरक्षित वन सरकार की प्रत्यक्ष निगरानी में होते है। संरक्षित वन की सरकार द्वारा देखभाल की जाती है। इसमें लोगों को कुछ छूट प्राप्त होती है।

**51. भारत में उष्णकटिबंधीय वर्षा वन पाए जाते हैं**

(a) कर्नाटक में
(b) हिमाचल प्रदेश में
(c) केरल में
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (d) :** उष्णकटिबंधीय वर्षा वन भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते है। ये वन भारत के पश्चिमी घाट, असम के ऊपरी हिस्से, तमिलनाडु तट, लक्षद्वीप एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूहों में पाये जाते हैं। इस प्रकार अभीष्ट विकल्प (d) सही होगा।

**52. भारत में, 1952 की राष्ट्रीय वन नीति में उल्लिखित देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में वन क्षेत्र का वांछित प्रतिशत कितना होना चाहिए?**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

(a) 25
(b) 33
(c) 39
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (b) :** भारत में, 1952 की राष्ट्रीय वन नीति में उल्लिखित देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में वन क्षेत्र का वांछित प्रतिशत 33% होना चाहिए। स्वतंत्रता के बाद की यह पहली राष्ट्रीय वन नीति थी। इस नीति में वनों को चार प्रकार से वर्गीकृत किया गया है जो निम्न है– राष्ट्रीय वन, संरक्षित वन, गाँव के जंगल, वृक्ष भूमि

## प्राकृतिक आपदायें

**53. Which of the following areas is not landslide-prone area?/निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन-सा भूस्खलन-प्रवृत्त ( प्रोन ) नहीं है?**

(a) Western Ghats/पश्चिमी घाट
(b) Eastern Ghats/पूर्वी घाट
(c) Himalayan Regions/हिमालयी क्षेत्र
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 15/12/2023 (Paper-IV)**

**Ans. (e):** भारत के भूस्खलन क्षेत्रों में हिमालय पर्वत के पश्चिमी व पूर्वी हिस्से, पश्चिमी घाट, नीलगिरी, पूर्वी घाट तथा विंध्याचल पर्वतमाला प्रमुख रूप से आते हैं। यह क्षेत्र भारत के 15% हिस्से को प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त सतपुड़ा, शिवालिक, मध्य भारत के पठार पर भी यदाकदा भूस्खलन की घटनायें देखी जाती है।

**54. Which of the following coasts of India is most affected by violent tropical cyclones?/ निम्नलिखित में से भारत का कौन-सा तट उष्ण उष्णकटिबंधीय चक्रवातों से सबसे अधिक प्रभावित है?**

(a) Malabar/मालाबार
(b) Coromandel/कोरोमंडल
(c) Konkan/कोंकण
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 15/12/2023 (Paper-IV)**

**Ans.(b):** भारत के सम्पूर्ण तटीय क्षेत्र उष्ण कटिबंधीय चक्रवात से प्रभावित है। यहाँ पूर्वी तट चक्रवात से अधिक प्रभावित रहता है। जिसके तटीय क्षेत्र कोरोमण्डल, उत्तरी सरकार है। बंगाल की खाड़ी में अक्टूबर-नवम्बर में विकसित कुल चक्रवातों का 58% पूर्वी तट को पार करता है। चक्रवात की उत्पत्ति के लिए सागरीय सतह का तापमान 25º-27º सेल्सियस आदर्श तापमान है। यह तापमान आर्द्रता की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करता है तथा चक्रवात को पर्याप्त बल प्रदान करता है।

**55. 'हीट वेव' के सम्बन्ध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. यदि किसी मैदानी इलाके का अधिकतम तापमान कम-से-कम 30ºC या इससे अधिक तक पहुँच जाता है, तो उसे हीट वेव माना जाता है**

**2. यदि किसी पहाड़ी इलाके का अधिकतम तापमान कम-से-कम 40ºC या इससे अधिक तक पहुँच जाता है, तो उसे हीट वेव माना जाता है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 और 2 दोनों
(b) केवल 1
(c) केवल 2
(d) न तो 1 और न ही 2

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :** यदि किसी मैदानी इलाके का अधिकतम तापमान कम से कम 40ºC या इससे अधिक तक पहुँच जाता है, तो उसे हीट वेव माना जाता है और यदि किसी पहाड़ी इलाके का अधिकतम तापमान कम से कम 30ºC या इससे अधिक तक पहुँच जाता है, तो उसे हीट वेव माना जाता है।

## चट्टान, शैल एवं मृदा

**56. Mulching of the soil is associated with मृदा का पलबार करना सम्बन्धित है**

(a) Reducing weed growth/खरपतवार को बढ़ने से रोकने से
(b) Improving fertility and health of soil/मृदा की उर्वरकता एवं स्वास्थ्य की बढ़ोत्तरी से
(c) Conservation of soil moisture/मृदा की नमी को बनाए रखने से
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (c) :** मृदा का पलबार (मल्चिंग) का मुख्य उद्देश्य मृदा की नमी को बनाए रखना है। पलबार एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मृदा को पत्तों, पुआल आदि से ढक दिया जाता है, जो खेत में नमी को बरकरार रखती है।

**57. Ganga Ka Maidan is full of which type of soil? गंगा का मैदान किस प्रकार की मिट्टी से भरा है?**

(a) Black soil /काली मिट्टी
(b) Red soil /लाल मिट्टी
(c) Alluvial soil /जलोढ़ मिट्टी
(d) More than one of the above उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (c)** गंगा का मैदान जलोढ़ मिट्टी से भरा हुआ है। जलोढ़ मिट्टी को सबसे उपजाऊ मिट्टी माना जाता है। भारत का संपूर्ण उत्तरी मैदान जलोढ़ मिट्टी से बना हुआ है। इस मिट्टी में पोटाश, चूना और फास्फोरिक एसिड प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। जलोढ़ मिट्टी को मुख्यतः बांगर (पुरानी जलोढ़) और खादर (नयी जलोढ़) में वर्गीकृत किया जाता है।

**58. In which of the following states is black soil found?/निम्नलिखित में से किस राज्य में काली मिट्टी पाई जाती है?**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

(a) Karnataka/कर्नाटक

(b) Gujarat/गुजरात

(c) Uttarakhand/उत्तराखण्ड

(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 8/12/2023 (Paper-III)**

**Ans.(d):** काली मिट्टी भारत के महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में प्रमुखता से पायी जाती है। इसे 'रेगुर' 'काली मिट्टी', 'चरनोजम' आदि नामों से जाना जाता है। इसमें लोहा, चूना, कैल्शियम, पोटाश, एल्युमीनियम की प्रचुरता होती है। नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, जैविक पदार्थों की कमी पायी जाती है। इसमें जलधारण करने की क्षमता सर्वाधिक होती है।

**59. Which State has maximum laterite soil?**
**किस राज्य में सबसे अधिक लेटराइट मिट्टी है?**

(a) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

(b) Bihar/बिहार

(c) Meghalaya/मेघालय

(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 09/12/2023 (Paper-II)**

**Ans.(c):** उपरोक्त विकल्पों में मेघालय राज्य में सबसे अधिक लैटेराइट मिट्टी पाई जाती है। यह लगभग 1.26 लाख वर्ग किमी. क्षेत्र पर विस्तृत है। इसका लाल रंग लोहे के ऑक्साइड की उपस्थिति के कारण होता है। लैटेराइट मिट्टियाँ क्रमशः लौह और एल्युमीनियम से समृद्ध होती है। इनमें नाइट्रोजन, चूना तथा जैविक पदार्थ की कमी होती है। देश में इस प्रकार की मृदा का सर्वाधिक क्षेत्रफल क्रमशः केरल, महाराष्ट्र एवं असम में पाया जाता है।

**60. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) धारवाड़ चट्टान संरचना में प्राकृतिक गैस पाई जाती है।

(b) अभ्रक कोडरमा में पाया जाता है

(c) कुडप्पा शृंखला हीरों के लिए प्रसिद्ध है।

(d) पेट्रोलियम भंडार अरावली पहाड़ियों में पाए जाते हैं।

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (b) :** अभ्रक, कोडरमा में पाया जाता है; यह कथन सत्य है। पहले यह विश्व स्तर पर अभ्रक के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध था और इसे भारत का माइका कैपिटल कहा जाता था। वर्तमान में कोडरमा जिले में हजारों एकड़ से अधिक माइका खनन के पट्टे है। वन संरक्षण अधिनियम 1980 के लागू होने के बाद सभी अभ्रक खानों को बंद कर दिया गया था क्योंकि सभी खनन पट्टे जंगल के अभयारण्य क्षेत्र में आते हैं।

**Note →** भारत के अभ्रक के कुल भंडारण के लगभग 99% आन्ध्रप्रदेश, राजस्थान, ओडिशा एवं महाराष्ट्र में स्थित है।

**61. जब मृदा अतिक्षारीय हो तथा उसमें पौधे पैदा नहीं होते हों, तब मृदा की गुणवत्ता में सुधार के लिए क्या मिलाना चाहिए?**

(a) कार्बनिक पदार्थ (b) बिना बुझा चूना

(c) कैलामाइन का घोल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (a) :** मिट्टी का अम्लीय तथा क्षारीय गुण उसमें मौजूद तत्वों के कारण होता है। यदि मिट्टी में हाइड्रोजन आयनों की संख्या अधिक है तो मिट्टी अम्लीय प्रकृति की होगी। यदि मिट्टी में पौटैशियम व सोडियम आयनों की अधिकता हो तो मिट्टी क्षारीय होती है। मिट्टी में क्षारीयता के सुधार के लिए मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ मिलाना चाहिए।

## सिंचाई एवं नदी घाटी परियोजना

**62. भारत की सबसे लंबी सिंचाई नहर कौन-सी है?**

(a) यमुना नहर (b) पूर्वी कोसी नहर

(c) इन्दिरा गाँधी नहर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** भारत की सबसे लंबी सिंचाई नहर इंदिरा गांधी नहर है। इसकी लंबाई 645 किलोमीटर है। इसे सतलुज नदी पर हरिके बांध से राजस्थान के थार रेगिस्तान तक ले जाया गया है। इससे तीन राज्यों पंजाब, हरियाणा व राजस्थान में सिंचाई की जाती है।

**63. Which of the following is known as the longest canal in India ?/निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की सबसे लम्बी नहर कहलाती है?**

(a) Setu samudram Shipping Canal/सेतु समुद्रम् जलयात्रा नहर

(b) Sharda Canal/शारदा नहर

(c) Indira Gandhi Canal/इन्दिरा गाँधी नहर

(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (c)** : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**64. For what purpose is water used the most in India?/भारत में पानी का सर्वाधिक उपयोग किस प्रयोजन के लिए किया जाता है ?**

(a) Industries/उद्योग

(b) Domestic/घरेलू

(c) Irrigation/सिंचाई

(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (6-8) Re-exam 19/07/2024***

**Ans.(c):** नीति आयोग की रिपोर्ट कम्पोजिट वॉटर मैनेजमेंट इंडेक्स के अनुसार देश में जल की कुल खपत का लगभग 85% हिस्सा कृषि क्षेत्र में जबकि 10% उद्योगों में एवं 5 प्रतिशत घरों में प्रयोग किया जाता है।

**65. Tehri Dam Project is associated with**
**टिहरी बाँध परियोजना संबंधित है।**

(a) determinism /नियतिवादी विचारधारा से

(b) possibilism /सम्भववादी विचारधारा से

(c) scientific determinism/वैज्ञानिक नियतिवादी विचारधारा से

(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (b) :** टिहरी बांध परियोजना सम्भववादी विचारधारा (Possiblism) से संबंधित है। मानव भूगोल में संभववाद एक ऐसे संप्रदाय (स्कूल) के रूप में स्थापित हुआ जिसकी विचारधारा और दर्शन इस बात का समर्थन करते हैं कि औद्योगिक क्रांति के पश्चात मानव ने अपनी सृजन शक्ति से प्रकृति की गतिशील शक्तियों जैसे– बहता जल, परिवहित मिट्टी, वनस्पति एवं स्थाई शक्तियों धरातल, खनिज पदार्थ आदि का अपने हित में एवं तत्वों के गुणों के अनुसार उनका उपयोग करता रहा है। उत्तराखंड में टिहरी बांध भारत में भागीरथी नदी पर बना सबसे ऊँचा बाँध है।

**66. Which of the following is not a traditional irrigation method?/निम्नलिखित में से कौन-सी पारंपरिक सिंचाई पद्धति नहीं है?**

(a) Moat system /खंदक प्रणाली
(b) Chain pump system /चेन पंप प्रणाली
(c) Drip system /ड्रिप प्रणाली
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (c) :** सिंचाई पौधों को कृत्रिम रूप से पानी देने की प्रक्रिया है। सिंचाई की प्रमुख पारम्परिक एवं आधुनिक विधियाँ निम्नवत् हैं–
**1.** पारंपरिक सिंचाई विधियाँ
**a.** खंदक प्रणाली
**b.** चेन पम्प प्रणाली
**c.** ढेकली प्रणाली
**d.** रहट तथा मोट प्रणाली
**2.** आधुनिक सिंचाई प्रणाली
**a.** ड्रिप सिंचाई प्रणाली
**b.** छिड़काव सिंचाई प्रणाली
अतः स्पष्ट है कि ड्रिप सिंचाई प्रणाली सिंचाई की पारंपरिक विधि नहीं हैं।

**67. Damodar Valley Project is situated in which State?/दामोदर घाटी परियोजना किस राज्य में स्थित है?**

(a) Bihar /बिहार
(b) Jharkhand and West Bengal /झारखंड और परिश्चम बंगाल
(c) Odissa/ओडिशा
(d) More than one of the above / उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नही

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (b):** दामोदर घाटी परियोजना झारखंड और पश्चिम बंगाल की परियोजना है। दामोदार घाटी परियोजना के तहत वर्ष 1948 में दामोदर घाटी निगम (DVC) की स्थापना की गई। यह स्वतन्त्र भारत की प्रथम बहुउद्देशीय परियोजना है, इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले राज्य झारखण्ड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल है।

**68. 1954 में किन दो देशों के बीच कोसी सिंचाई एवं जलविद्युत परियोजना समझौता हस्ताक्षरित हुआ था?**

(a) भारतवर्ष और बांग्लादेश
(b) भारतवर्ष और चीन
(c) भारतवर्ष और नेपाल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**

**Ans. (c) :** कोसी सिंचाई एवं जलविद्युत परियोजना वर्ष 1954 में हस्ताक्षरित भारत और नेपाल की संयुक्त परियोजना है। इस परियोजना के अन्तर्गत चार इकाइयों पर काम किया गया है। कोसी नदी गोसाईथान चोटी के उत्तर से निकल कर नेपाल में स्थित भीमनगर के पास भारत में प्रवेश करती है। यह नदी बिहार राज्य के पूर्वी-उत्तरी भाग में प्रवाहित होती हुई कुसैला के पास गंगा नदी में मिल जाती है। कोसी नदी को बिहार राज्य का शोक कहा जाता है।

**69. निम्नलिखित में से कौन-सा बाँध महानदी पर स्थित है?**

(a) हीराकुंड बाँध
(b) दुधवा बाँध
(c) घुमरापदर बाँध
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (d) :** हीराकुंड बाँध तथा दुधवा बाँध महानदी पर स्थित है। महानदी प्रणाली ओडिशा राज्य की सबसे बड़ी नदी और प्रायद्वीपीय भारत की तीसरी सबसे बड़ी नदी है। इस नदी का जलग्रहण क्षेत्र छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखण्ड और महाराष्ट्र तक विस्तारित है। इस नदी पर स्थित हीराकुंड बाँध भारत का सबसे लंबा बाँध है।

## खनिज एवं ऊर्जा संसाधन

**70. Ghatshila of Jharkhand is famous for which mineral production ?/झारखंड का घाटशिला किस खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?**

(a) Bauxite/बॉक्साइट
(b) Mica/अभ्रक
(c) Copper/तांबा
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (6-8) Re-exam 19/07/2024***

**Ans.(c):** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में मौजूद घाटशिला एक छोटा सा शहर है, जो अपने खनिज संपदा और प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध है। घाटशिला में यूरेनियम और ताँबा जैसे खनिजों का बड़ा भण्डार पाया जाता है।

**71. What is manganese used for?/मैंगनीज का उपयोग कहाँ किया जाता है ?**

(a) Photography industry/फोटोग्राफी उद्योग
(b) Matchbox industry/माचिस उद्योग
(c) Battery production/बैटरी उत्पादन
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (6-8) Re-exam 19/07/2024***

**Ans.(e):** मैगनीज बहुत भंगुर धातु है, शुद्ध के रूप में इसका बहुत उपयोग नहीं किया जा सकता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से स्टील जैसी मिश्र धातुओं में किया जाता है। अतः उपर्युक्त में से कोई विकल्प सही नहीं है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**72. Where are more favorable conditions found in India for tidal and wave energy production?/ भारत में ज्वारीय एवं तरंग ऊर्जा उत्पादन के लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियाँ कहाँ पाई जाती हैं ?**

(a) Khambhat bay/खंभात खाड़ी
(b) Ganga river/गंगा नदी
(c) Gulf of Kutch/कच्छ की खाड़ी
(d) Mannar bay/मन्नार खाड़ी
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (6-8) Re-exam 19/07/2024***

**Ans.(a):** भारत सरकार के अनुमानों के अनुसार देश की ज्वारीय एवं तरंग ऊर्जा क्षमता 9000 मेगावाट है। इसमें गुजरात में (खंभात) काम्बे की खाड़ी में लगभग 7000 मेगावाट, कच्छ की खाड़ी में लगभग 1200 मेगावाट एवं पश्चिम बंगाल के सुंदरवन डेल्टा क्षेत्र में लगभग 100 मेगावाट क्षमता शामिल है। अतः स्पष्ट है कि 'खंभात की खाड़ी' में ज्वारीय एवं तरंग ऊर्जा उत्पादन की सबसे अनुकूल दशाऐं पायी जाती है।

**73. Which of the following is not a conventional source of energy?/ निम्नलिखित में से कौन-सा ऊर्जा का पारम्परिक स्त्रोत नहीं है।**

(a) Coal/कोयला
(b) Natural gas/प्राकृतिक गैस
(c) Wind energy/पवन ऊर्जा
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans.(c):** पवन ऊर्जा, ऊर्जा का पारम्परिक स्रोत नहीं है। ऊर्जा के दो स्रोत होते हैं– पारम्परिक स्रोत और गैर-पारम्परिक स्रोत । पारम्परिक ऊर्जा स्रोत में जीवाश्म ईधन, पेट्रोलियम, कोयला, प्राकृतिक गैस आदि आते हैं। गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत में पवन ऊर्जा, बायोमास ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन आते हैं।

**74. Which one of the following minerals is contained in monozite sand?/मोनोजाइट रेत में निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज पाया जाता है?**

(a) Oil /खनिज तेल
(b) Uranium /यूरेनियम
(c) Thorium /थोरियम
(d) More than one of the above / उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नही

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (c):** मोनोजाइट रेत में थोरियम खनिज पाया जाता है। भारत में मोनोजाइट रेत मुख्य रूप केरल के तट पर पाया जाता है। थोरियम का रासायनिक प्रतीक 'Th' तथा परमाणु क्रमांक 90 होता है।

**75. भारत के निम्नलिखित थर्मल पावर प्रोजेक्टों को पूर्व से पश्चिम दिशा में व्यवस्थित कीजिए :**

1. कोटा 2. नामरूप 3. ओबरा 4. परीछा

**नीचे दिए कए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1, 2, 3, 4
(b) 2, 4, 1, 3
(c) 2, 3, 4, 1
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (c) :** थर्मल पावर प्लांट भारत के राष्ट्रीय पॉवर ग्रिड में बिजली का सबसे बड़ा हिस्सा योगदान करते हैं। उपर्युक्त विकल्पों में दिए गए थर्मल पॉवर प्रोजेक्टों का पूर्व से पश्चिम क्रम निम्न हैं– नामरूप (असम में स्थित), ओबरा (उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिलें में स्थित), परीछा (उत्तर प्रदेश के झाँसी जिले में बेतवा नदी के किनारे स्थित) व कोटा (राजस्थान में स्थित) है।

**76. किस शहर में प्रथम शुद्ध हरित हाइड्रोजन संयंत्र चालू किया गया था?**

(a) हैदराबाद (b) मुंबई
(c) पुणे (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper- IV)**

**Ans. (e) :** ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा असम के जोरहाट पंप स्टेशन पर 10 किलोग्राम प्रतिदिन की स्थापित क्षमता के साथ भारत के पहले 99.999% शुद्ध ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट की शुरूआत की गई है। यह संयंत्र 500 kw सौर संयंत्र द्वारा 100 kw आयन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (AEM) इलेक्ट्रोलाइजर सारणी का उपयोग करके उत्पन्न बिजली से हरित हाइड्रोजन उत्पादित करता है।

**77. Which place is known as City of Coal? 'कोयला नगरी' किस स्थान को कहते हैं?**

(a) Sohagpur/सोहागपुर
(b) Raniganरानीगंज
(c) Dhanbad/धनबाद
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans.(c):** झारखण्ड के धनबाद शहर को कोयला नगरी कहा जाता है। यहाँ के झरिया क्षेत्र में अनेक कोयला खनन केन्द्र है।

**78. भारत के खनिज तेल (पेट्रोलियम) उत्पादक क्षेत्र और इसकी अवस्थितियों का सही युग्म है**

(a) सूरमा घाटी – असम
(b) लुनेज क्षेत्र – गुजरात
(c) के.जी. बेसिन – बंगाल की खाड़ी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (d) :** भारत के प्रमुख पेट्रोलियम (खनिज तेल) उत्पादक क्षेत्र हैं–

**1.** सूरमा घाटी, डिग्बोई, नहरकटिया, हुगरीजन-मोरान क्षेत्र असम में है।
**2.** लुनेज, अंकलेश्वर, ओल्याद, ढोकला, मेहसाना, कलोल क्षेत्र गुजरात में हैं।
**3.** मंगला क्षेत्र राजस्थान में है।

कृष्णा- गोदावरी बेसिन (के.जी.बेसिन) क्षेत्र आंध्र प्रदेश में है। जो कि प्राकृतिक गैस का भारत में प्राप्त सबसे बड़ा भण्डार है। के.जी.बेसिन में ही रावा अपतटीय क्षेत्र पेट्रोलियम उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

## उद्योग एवं व्यापार

**79. In which district of Bihar silk textile production is maximum?**
**बिहार के किस जिले में रेशमी वस्त्र का उत्पादन सर्वाधिक होता है?**

(a) Madhubani /मधुबनी
(b) Bhagalpur /भागलपुर
(c) Aurangabad /औरंगाबाद
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (b) :** बिहार के भागलपुर जिले में रेशमी वस्त्र का उत्पादन सर्वाधिक होता है। यह जिला रेशम उद्योग से भी जुड़ा हुआ है, और पूरे भारत में अपने टसर रेशम और भागलपुरी साड़ी के लिए प्रसिद्ध है। भागलपुर को भारत के 'रेशम शहर' के रूप में भी जाना जाता है।

**80. Barauni Oil Refinery Plant is situated in which district of Bihar?**
**बरौनी तेलशोधक संयंत्र बिहार के किस जिले में स्थित है?**

(a) Saharsa /सहरसा
(b) Begusarai /बेगूसराय
(c) Madhubani /मधुबनी
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (b) :** बरौनी भारत के बिहार राज्य के बेगुसराय जिले में स्थित एक कस्बा है। यह गंगा नदी के किनारे बसा हुआ है। यह बिहार का एक औद्योगिक कस्बा/शहर है। यहाँ पर बरौनी तेल शोधन कारखाना तथा बरौनी थर्मल पावर स्टेशन स्थापित किए गए हैं। बरौनी तेल शोधन संयंत्र इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधीन कार्यरत हैं। यह संयंत्र रूस और रोमानिया की मदद से स्थापित किया गया था तथा वर्ष 1964 ई. से कार्यरत है।

## परिवहन

**81. How many kilometers is the total length of Atal Setu connecting Mumbai and New Mumbai ?**
**मुंबई और नई मुंबई को जोड़ने वाले अटल सेतु की कुल लंबाई कितने किलोमीटर है?**

(a) 21.5 kilometers/21.5 किलोमीटर
(b) 21.8 kilometers/21.8 किलोमीटर
(c) 21.3 kilometers/21.3 किलोमीटर
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (b) :** अटल सेतु भारत का सबसे लम्बा पुल है जिसकी लम्बाई 21.8 किमी. है। इसमें लगभग 16.5 किमी. लम्बाई समुद्र में तथा 5.5 किमी. जमीन पर है। यह पुल मुम्बई के सेवरी से शुरू होता है और रायगढ़ जिले के उरण तालुका में न्हावा शेवा पर समाप्त होता है।

**82. Which two of the following extreme locations are connected by the East-West Corridor?**
**निम्नलिखित में से कौन-से दो चरम स्थान पूर्व-पश्चिमी गलियारे से जुड़े हैं?**

(a) Mumbai and Nagpur/मुम्बई और नागपुर
(b) Mumbai and Kolkata/मुम्बई और कोलकाता
(c) Silchar and Porbandar/सिल्चर और पोरबन्दर
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 8/12/2023 (Paper-III)**

**Ans.(c):** सिल्चर और पोरबन्दर दो चरम स्थान पूर्व-पश्चिम गलियारे से जुड़े है। पूर्व-पश्चिम गलियारा-गुजरात-मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश-बिहार-पश्चिम बंगाल-असम से होकर गुजरता है।

**83. 'शिप्रेक टूरिज्म' के संदर्भ में, सुंची रीफ, एमी शॉल तथा ग्रांडे द्वीप पर भारतीय जल में जहाजों के मलबे का पता लगाया गया है। ये स्थान कहाँ हैं?**

(a) गोवा तट के बाहर
(b) लक्षद्वीप तट के बाहर
(c) तमिलनाडु तट के बाहर
(d) ओडिशा तट के बाहर

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a):** सुंची रीफ, एमी शॉल तथा ग्रांडे द्वीप पर भारतीय जल में जहाजों के मलवे का पता लगाया गया है। ये स्थान गोवा तट के पास स्थित हैं। उल्लेखनीय है कि जहाज के मलवों को देखने के लिए की गयी गतिविधियों को 'शिप्रेक टूरिज्म' के नाम से जाना जाता है।

**84. भारत के निम्नलिखित बंदरगाहों को उत्तर से दक्षिण दिशा में व्यवस्थित कीजिए :**

**1. काकीनाडा** **2. मछलीपट्टनम**
**3. नागपट्टिनम** **4. विशाखापत्तनम**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1, 2, 3, 4
(b) 4, 1, 2, 3
(c) 1, 3, 2, 4
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**

**Ans. (b) :** प्रश्नगत विकल्पों में दिए गए भारत के प्रमुख बंदरगाहों का उत्तर से दक्षिण क्रम इस प्रकार है-

| बंदरगाह | - | प्रदेश |
|---|---|---|
| विशाखापत्तनम | - | आंध्र प्रदेश |
| काकीनाड़ा | - | आंध्र प्रदेश |
| मछलीपट्टनम | - | आंध्र प्रदेश |
| नागपट्टिनम | - | तमिलनाडु |

## कृषि एवं पशुपालन

**85. मध्य प्रदेश का लगभग कितना प्रतिशत क्षेत्रफल कृषि योग्य है?**

(a) 44%
(b) 30%
(c) 50%
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश एक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था है। राज्य में कुल 307.56 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 152.05 लाख हेकटेयर भूमि खेती के अधीन है। जो राज्य का लगभग 50% (49.43%) क्षेत्रफल कृषि योग्य है।

**86. In India Green revolution' is known to credit to whom?/भारत में 'हरित क्रांति' का श्रेय किसे जाता है?**

(a) Dr. M.S. Swaminathan /डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन
(b) Dr. V. Kurian /डॉ. वी. कुरियन
(c) Sri. S.L. Bahuguna /श्री सुन्दरलाल बहुगुणा
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 Exam 21/07/2024***

**Ans. (a):** भारत में 'हरित क्रांति' का पिता डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन कहा जाता है। इन्हें वर्ष 2024 में मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

**87. Millets are called miracle grains and crops of the future. Why?/मोटा अनाज को चमत्कारिक अनाज और भविष्य की फसल कहा जाता है। क्यों?**

(a) Drought-tolerant crops /सूखा सहिष्णु फसल
(b) Require few external inputs /कुछ बाहरी कारक की आवश्यकता है
(c) Nutritionally comparable to rice and wheat /पोषण की दृष्टि से चावल और गेहूँ के बराबर
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans. (d) :** मोटे अनाज को अक्सर उनके असंख्य स्वास्थ्य लाभों और इस तथ्य के कारण चमत्कारिक अनाज कहा जाता है कि वे कठोर, शुष्क वातावरण में पनप सकते हैं, जहाँ अन्य फसलें संघर्ष करती है। मोटे अनाज को चमत्कारी अनाज माने जाने के पीछे कुछ प्रमुख कारण है, जो निम्न हैं–

(1) मोटा अनाज प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिज जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

(2) मोटा अनाज सूखा सहिष्णु फसल है। इसमें अन्य फसलों की तुलना में कम पानी और कम कीटनाशकों की आवश्यकता होती है जिससे यह किसानों के लिए पर्यावरण के अनुकूलन विकल्प बन जाता है।

(3) गेहूँ और धान की फसलों के मुकाबले इसमे सॉल्युबल फाइबर के साथ ही कैल्शियम और आयरन की मात्रा अधिक होती है।

**88. Which of the following is shifting cultivation in Orissa?/निम्नलिखित में से कौन-सी उड़ीसा का स्थानान्तरणशील कृषि है?**

(a) Podu /पोडू
(b) Penda /पेन्डा
(c) Bewar /बेवार
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (a) :** ओडिशा और आन्ध्र प्रदेश में झूम खेती (स्थानान्तरणशील कृषि) को पोडू के नाम से जाना जाता है। स्थानांतरण कृषि एक आदिम प्रकार की कृषि है जिसमें पहले वृक्षों तथा वनस्पतियों को काटकर उन्हें जला दिया जाता है और साफ की गई भूमि को पुराने उपकरणों से जुताई करके बीज बो दिए जाते हैं। जब तक मिट्टी में उर्वरता विद्यमान रहती है इस भूमि पर खेती की जाती है। इसके पश्चात इस भूमि को छोड़ दिया जाता है।

- वेवर और दहियार – बुंदेलखंड क्षेत्र (मध्य प्रदेश)
- पेन्डा – महाराष्ट्र

**89. Cultivation of fruits and vegetables is called/फलों एवं सब्जियों की खेती कहलाती है**

(a) Floriculture/फूलों की खेती
(b) Agriculture/कृषि
(c) Horticulture/बागवानी
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 15/12/2023 (Paper-IV)**

**Ans.(c):** बागवानी (Horticulture) के अंतर्गत फलों, फूलों, सब्जियों, मसालों आदि की खेती की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| • फूलों की खेती | – | फ्लोरीकल्चर |
| • रेशम कीट पालन | – | सेरीकल्चर |
| • मधुमक्खी पालन | – | एपिकल्चर |
| • मछली पालन | – | पिसीकल्चर |
| • फलों का उत्पादन | – | पोमोलॉजी |

**90. उत्तरी भारत में शीतकाल में उपजायी जाने वाली चावल की फसलों के स्थानीय नाम हैं-**

(a) अमन, अगहनी और औस
(b) अमन, साली और अगहनी
(c) अमन, औस और साली
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (b) :** उत्तरी भारत में मई-जुलाई से सितम्बर-दिसम्बर तक चावल की फसल उगाई जाती है। शीतकाल में उपजायी जाने वाली चावल की फसलों का स्थानीय नाम अमन, साली तथा अगहनी है। चावल की प्रजाति औस को गर्मियों में पूर्व-मानसून वर्षा के साथ बोया जाता है।

**91. निम्नलिखित में से कौन-सा 'स्थानान्तरी कृषि' का स्थानीय नाम है?**

(a) बेवर
(b) दहिया
(c) पोदु
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (d) :** स्थानान्तरी कृषि को झूमिंग कृषि भी कहते हैं। यह एक आदिम प्रकार की कृषि है, जिसमें वृक्षों को काटकर जला दिया जाता है और साफ की गई भूमि पर पुराने उपकरणों से जुताई करके

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

खेती की जाती है। जब तक मिट्टी में उर्वरता रहती है तब तक इस भूमि पर खेती की जाती है इसके पश्चात इस भूमि को परती छोड़ दिया जाता है। झूम कृषि के स्थानीय नाम और स्थान इस प्रकार है–

| स्थानीय नाम | क्षेत्र |
| --- | --- |
| झूम | उत्तर-पूर्वी भारत |
| बीवर और डहियार | बुंदेलखण्ड सम्भाग (म.प्र.) |
| दीपा | बस्तर जिला |
| पोडू | आन्ध्र प्रदेश |

**92. निम्नलिखित में से कौन-सा 'मल्चिंग' शब्द की व्याख्या करता है?**

(a) फसलों के बीच खाली ज़मीन को पुआल जैसे जैविक पदार्थ की परत से ढकना
(b) कन्टूर को पत्थरों, घास आदि से ढकना
(c) खड़ी ढालों पर बनी वेदिकाओं (टेरेस) में फसल लगाना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (a) :** फसलों के बीच खाली पड़ी जमीन को खर-पतवार, घासों अथवा पुआल जैसे जैविक पदार्थों से ढकने की प्रक्रिया को 'मल्चिंग' कहा जाता है। जिन पदार्थों से इसे ढका जाता है उन्हें 'मल्च' कहा जाता है।

**93. निम्नलिखित में से किसकी खेती ज़ायद के मौसम में की जाती है?**

(a) खरबूजा (b) खीरा
(c) तरबूज (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**
**BPSC TRE 2.0, 2023**

**Ans. (d) :** भारत में जायद के मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलें खरबूजा, तरबूज, खीरा, ककड़ी, मूंग, जूट, तोरई, भिंडी आदि। जायद की फसलें मार्च में बोई जाती हैं तथा जून तक इन्हें काटा जाता है।

भारत में खेती के तीन मौसम होते हैं– रबी, खरीफ और जायद।
रबी की फसलों को शीत ऋतु में अक्टूबर से दिसम्बर के बीच बोया जाता है तथा ग्रीष्म ऋतु के आरम्भ में अप्रैल से जून के मध्य काटा जाता है। इस मौसम की प्रमुख फसलें हैं– गेहूँ, जौ, मटर, चना आदि।
खरीफ की फसलें जून-जुलाई में मानसून के आगमन के साथ बोई जाती हैं तथा अक्टूबर-नवम्बर में शीत ऋतु के आगमन के साथ काटी जाती हैं। इस मौसम की प्रमुख फसलें– चावल, कपास, जूट, ज्वार, बाजरा आदि हैं।

## मानव प्रजातियां

**94. In India dry point settlement is found in**
**भारत में शुष्क बिंदु बस्ती मिलती है–**

(a) Bikaner/बिकानेर में
(b) Flood prone area/बाढ़ क्षेत्रों में
(c) Aravali region/अरावली प्रदेश
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (11-12) Exam 22/07/2024***

**Ans.(b):** नदी बेसिन के निम्न भाग में बस्तियाँ नदी वेदिकाओं एवं तटबंधों पर बसाई जाती है। क्योंकि ये भाग 'शुष्क बिन्दु' होते हैं। उष्ण कटिबंधीय देशों के दलदली क्षेत्रों के निकट लोग अपने मकान स्तम्भों पर बनाते हैं जिससे कि बाढ़ एवं कीड़े-मकोड़ों से बचा जा सके। इसीलिए ऐसी बस्तियों को 'शुष्क बिन्दु बस्ती' कहते है।

**95. On the basis of fossils, which is the origin place of man?**
**जीवाश्मों के आधार पर, मानव का उत्पत्ति केन्द्र है।**

(a) Rift Valley of Africa /अफ्रीका की रिफ्ट घाटी
(b) Central Asia /मध्य एशिया
(c) Jerusalem /जेरूसलम
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (a) :** जीवाश्मों के आधार पर मानव का उत्पत्ति केन्द्र अफ्रीका महाद्वीप है। अफ्रीका महाद्वीप में मानव प्रजाति की उत्पत्ति मध्य प्लीस्टोसीन युग के अन्त में अनुमानित की गई है। जो कि हर्टो प्रथम एवं द्वितीय और ओमोकिबिश प्रथम तथा लेवेंटाइन जैसे जीवाश्मों के अध्ययन पर आधारित है जिन्हें अफ्रीका महाद्वीप में स्कहुल और कफ्जेह नामक स्थानों से प्राप्त किया गया था।

**96. Cultural contact between two communities is called**
**दो समुदायों के मध्य सांस्कृतिक सम्पर्क कहलाता है।**

(a) enculturation /एनकल्चरेशन
(b) acculturation /एकल्चरेशन
(c) cultural realm /कल्चरल रेल्म
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (b) :** दो समुदायों के मध्य सांस्कृतिक संपर्क को एकल्चरेशन कहा जाता है। इसे उस सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक बदलाव के रूप में संदर्भित किया जाता है जिसमें एक समाज या संगठन से संबंधित कोई व्यक्ति या समुदाय किसी अलग समुदाय या संगठन के तौर-तरीके व मान्यताएँ समझकर उसका भाग बनता है। ऐसा प्रवास के रूप में अधिकतर होता है जब कोई व्यक्ति या समुदाय देश को छोड़कर किसी अन्य देश में जाकर बसता है और वहाँ के दूसरे लोगों या समुदाय के बीच पारस्परिक मेजजोल बढ़ाता है।

**97. किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित करने के लिए आवश्यक विशिष्टताएँ हैं**

**1. आदिम लक्षणों के संकेत**
**2. विशिष्ट संस्कृति**
**3. बड़े पैमाने पर समुदाय के साथ सम्पर्क में शर्म**
**4. पिछड़ापन एवं भौगोलिक अलगाव**

**उपर्युक्त में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

**69th BPSC (Pre) 2023**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (d):** किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित करने के लिए आवश्यक विशिष्टता के रूप में आदिम लक्षण, अलग संस्कृति, भौगोलिक अलगाव, तथा बड़ी आबादी के साथ बातचीत में शर्म जैसे लक्षण देखने को मिलते है। ऐसे समुदाय सामान्यतः पहाड़ी व जंगली क्षेत्रों में निवास करते हैं। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जनजाति की घोषणा करने की शक्ति राष्ट्रपति को प्राप्त है।

## विविध

**98. Topographical map of India is prepared by which organization?**
**भारत का स्थलाकृति मानचित्र किस संगठन द्वारा बनाया जाता है?**

(a) The Geological Survey of India/भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण
(b) The Survey of India/भारतीय सर्वेक्षण
(c) The Zoological Survey of India/भारतीय प्राणि सर्वेक्षण
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 8/12/2023 (Paper-III)**

**Ans.(b):** भारत का स्थलाकृतिक मानचित्र भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा बनाया जाता है। यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्र संगठन है। इसकी स्थापना वर्ष 1767 में की गई थी।

**99. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | चार | 1. | पंजाब का मैदान |
| b. | कंकर | 2. | डेल्टा |
| c. | कयाल | 3. | बांगर |
| d. | मांड | 4. | तटीय मैदान |

**उपर्युक्त दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper-III)**

**Ans. (b) :** सही सुमेलित है-

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| चार | - | डेल्टा |
| कंकर | - | बांगर |
| कयाल | - | तटीय मैदान |
| मांड | - | पंजाब का मैदान |

**100. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| | सूची-I (कुछ प्रान्तों में संसाधनों की उपलब्धता) | | सूची-II (सम्बन्धित प्रान्तों के नाम) |
|---|---|---|---|
| a. | खनिज संसाधनों की सम्पन्नता परन्तु औद्योगीकरण की कमी | 1. | झारखंड |
| b. | जल संसाधनों की सम्पन्नता परन्तु आधारभूत संरचना के विकास की कमी | 2. | अरुणाचल प्रदेश |
| c. | सौर और वायु ऊर्जा की सम्पन्नता परन्तु जल संसाधनों की कमी | 3. | राजस्थान |
| d. | खनिज संसाधनों की सम्पन्नता परन्तु परिवहन और संचार के साधनों की कमी | 4. | लद्दाख |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (b) :** सही सुमेलन इस प्रकार से है–

| सूची-I (कुछ प्रान्तों में संसाधनों की उपलब्धता) | सूची-II (सम्बन्धित प्रान्तों के नाम) |
|---|---|
| खनिज संसाधनों की सम्पन्नता परन्तु औद्योगीकरण की कमी | झारखंड |
| जल संसाधनों की सम्पन्नता परन्तु आधारभूत संरचना के विकास की कमी | अरुणाचल प्रदेश |
| सौर और वायु ऊर्जा की सम्पन्नता परन्तु जल संसाधनों की कमी | राजस्थान |
| खनिज संसाधनों की सम्पन्नता परन्तु परिवहन और संचार के साधनों की कमी | लद्दाख |

**101. अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के अपवाह तन्त्र के बीच जल-विभाजक हैं**

(a) दिल्ली रिज, मालवा का पठार और बुन्देलखण्ड
(b) दिल्ली रिज, अरावली पर्वतश्रेणी, सह्याद्रि और अमरकंटक की पहाड़ियाँ
(c) दिल्ली रिज, मालवा का पठार और छोटानागपुर का पठार
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (b):** अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के अपवाह तंत्र के बीच जल विभाजक के रूप में दिल्ली रिज, अरावली पर्वत श्रेणी, सह्याद्रि और अमरकंटक की पहाड़ियाँ मौजूद है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

# विश्व का भूगोल

## ब्रह्माण्ड एवं सौर मण्डल

**1. The distance between the earth and the sun is greater during.**
**पृथ्वी एवं सूर्य के बीच अधिकतम दूरी होती है**

(a) Aphelion/अपसौर में
(b) Perihelion/उपसौर में
(c) Summer solstice/ग्रीष्म संक्रांति में
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (a) :** पृथ्वी एवं सूर्य के मध्य अधिकतम दूरी को अपसौर कहते हैं। पृथ्वी, सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्तीय कक्षा में परिक्रमा करती है और जिसके कारण वर्ष में सूर्य एवं पृथ्वी की दूरी घटती-बढ़ती रहती है।

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा वृहद् ग्रह नहीं है।**

(a) मंगल (b) बृहस्पति
(c) शनि (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (a) :** सौरमंडल में आकार (बड़े से छोटे क्रम में) के आधार पर चार बड़े ग्रह बृहस्पति, शनि, अरुण व वरुण है। जबकि मंगल ग्रह आकार में सातवाँ बड़ा ग्रह है जो केवल बुद्ध ग्रह से बड़ा है। इस प्रकार विकल्प (a) सही उत्तर है।

**3. Which is the moon-like planet ?**
**चंद्रमा सदृश्य ग्रह कौन-सा है?**

(a) Mars/मंगल
(b) Mercury/बुध
(c) Earth/पृथ्वी
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (11-12) Exam 22/07/2024***

**Ans.(b):** ग्रहों में मात्र बुध तथा शुक्र की दिखने वाली कलाएँ होती हैं। इसी प्रकार की कलाएँ चंद्रमा में भी पायी जाती हैं। चन्द्रमा का आकार बुध जैसा दिखाई देता है।
अतः दिए गए विकल्पों में चंद्रमा सदृश्य ग्रह बुध है।

**4. The Sun is a/सूर्य है एक**

(a) yellow star /पीला तारा
(b) red star /लाल तारा
(c) white star /श्वेत तारा
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (a) :** सूर्य एक पीला तारा है। सूर्य के पीला दिखने के पीछे स्कैटरिंग ऑफ लाइट (प्रकाश का प्रकीर्णन) को बताया जाता है। हम जानते हैं कि सूर्य से आने वाली किरणें सात अलग-अलग रंग की होती हैं और वायुमंडल से गुजरने से कुछ किरणें चारों ओर वायुमण्डल में बिखर जाती है जिससे सूर्य और उसकी रोशनी हमें पीली दिखती है और सूर्य को पीला तारा समझा जाता है।

**5. ब्रह्मांड में, पल्सर क्या हैं?**

(a) तारों का एक समूह
(b) घूमते न्यूटॉन तारे
(c) किसी तारे का विस्फोट
(d) किसी तारे द्वारा उत्सर्जित रेडियों तरंगें

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (b) :** ब्रह्मांड में पल्सर घूमते हुए न्यूट्रॉन तारे हैं। 1.4 Ms को चन्द्रशेखर सीमा कहते है। इससे अधिक द्रव्यमान होने पर मुक्त रूप से घूमते इलेक्ट्रॉन अत्यधिक वेग के कारण नाभिक को छोड़कर बाहर चले जाते हैं तथा न्यूट्रॉन बचे रह जाते है। इसी अवस्था को न्यूट्रॉन तारा या पल्सर कहते है। न्यूट्रॉन तारा भी असीमित समय तक सिकुड़ता हुआ चला जाता है, अर्थात् न्यूट्रॉन तारे में अत्यधिक परिणाम में द्रव्यमान अंततः एक ही बिन्दु पर संकेन्द्रित हो जाता है। ऐसे असीमित घनत्व के द्रव्य मुक्त पिण्ड को कृष्णछिद्र या ब्लैकहोल कहते हैं।

**6. आकार और माप में समानता के कारण किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वाँ ग्रह माना जाता है?**

(a) मंगल (b) बृहस्पति
(c) शुक्र (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (c) :** आकार और माप में समानता के कारण शुक्र ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा ग्रह माना जाता है। इसे 'सांझ का तारा' तथा 'भोर का तारा' भी कहा जाता है। शुक्र के वायुमण्डल में $CO_2$ की उपस्थिति 90-95 प्रतिशत तक है। शुक्र और बुध ग्रह के कोई उपग्रह नहीं है। यह ग्रहों की सामान्य दिशा के विपरीत सूर्य की पूर्व से पश्चिम दिशा में परिक्रमण करता है।

## अंक्षाश एवं देशांतर रेखाएं

**7. The Indian Standard Time (IST) remains how much ahead from Greenwich Mean Time (GMT) ?**
**ग्रीनविच माध्य समय ( जी.एम.टी. ) से भारतीय मानक समय ( आई.एस.टी. ) कितना आगे रहता है?**

(a) 05½ hours/ 05 $\frac{1}{2}$ घंटे
(b) 06 hours/06 घंटे
(c) 05 hours/05 घंटे
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (a) :** ग्रीनविच माध्य समय से भारतीय मानक समय 05 $\frac{1}{2}$ घंटे आगे है। भारत के मानक समय का निर्धारण 82°30' पूर्व से ज्ञात किया जाता है।

**8. How much equatorial diameter is larger than polar diameter?/विषुवतीय व्यास ध्रुवीय व्यास से कितना अधिक है?**

(a) 43 km/43 किमी.
(b) 36 km/36 किमी.
(c) 49 km/49 किमी.
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 Exam 21/07/2024***

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (a):** पृथ्वी का भूमध्य रेखीय व्यास (विषुवतीय व्यास) लगभग 12756 किमी है जबकि ध्रुवीय व्यास 12713.6 किमी है। अतः स्पष्ट है कि विषुवतीय व्यास, ध्रुवीय व्यास से लगभग 43 किमी. अधिक है।

**9. ग्लोब पर 1 डिग्री के अन्तराल पर खींची गई अक्षांश रेखाएँ कितनी हैं?**

(a) 180 (b) 178
(c) 179 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69th BPSC (Pre) 2023**
**BPSC TRE 2.0, 2023 (Paper I)**

**Ans. (c) :** ग्लोब या मानचित्र पर भूमध्य रेखा के समान्तर खीचीं रेखाएँ, जो समान अक्षांशीय कोण वाले स्थानों को मिलाती है, अक्षांश रेखायें कहलाती हैं। $1^o$ के अन्तराल पर इन रेखाओं की उत्तरी गोलार्द्ध में ग्लोब पर कुल संख्या भी (89) है, इसी प्रकार दक्षिणी गोलार्द्ध में ग्लोब पर कुल संख्या (89)। इस प्रकार ग्लोब पर $1^o$ के अन्तराल पर कुल अक्षांश रेखाओं की संख्या 179 है। 179 में $0^o$ अक्षांश या भूमध्य रेखा भी सम्मिलित है।

**10. $90^o$ पूर्वी देशांतर पर स्थित थिम्पू (भूटान) का स्थानीय समय निर्धारित कीजिए, जब ग्रीनविच ($0^o$) में दोपहर 12:00 बजे का समय है।**

(a) 6:00 p.m. (b) 4:00 p.m.
(c) 7:00 p.m. (d) 6:00 a.m.

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** ग्रीनविच और थिंपू के बीच का अन्तर = $90^o$ देशान्तर
कुल समय का अन्तर = $90 \times 4 = 360$ मिनट

$$= \frac{360}{60} = 6 \text{ घंटे}$$

थिंपू का स्थानीय समय ग्रीनविच के समय से 6 घंटे अधिक है अर्थात शाम 6.00 बजे (6.00 pm)। पृथ्वी, पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर घुमती है। फलतः पूर्व की ओर बढ़ने पर प्रत्येक देशान्तर पर 4 मिनट बढ़ता है तथा पश्चिम में जाने पर प्रत्येक देशान्तर पर समय 4 मिनट घटता जाता है।

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा 'शीत कटिबंध' में आता है?**

(a) $66\frac{1}{2}^o$ उत्तरी अक्षांश और उत्तरी ध्रुव के बीच स्थित क्षेत्र
(b) दोनों गोलार्द्धों में $23\frac{1}{2}^o$ और $66\frac{1}{2}^o$ अक्षाशों के बीच स्थित क्षेत्र
(c) दक्षिण ध्रुववृत्त (अंटार्कटिक वृत्त) और दक्षिणी ध्रुव के बीच स्थित क्षेत्र
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (d) :** शीत कटिबन्ध पेटी का विस्तार $66\frac{1}{2}^0$ से $90^o$ के बीच दोनों गोलार्द्धों में होता है। इसमें टैगा, टुंड्रा तथा हिमाच्छादित प्रदेश आते हैं। शीत कटिबन्ध क्षेत्र दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिणी ध्रुव और अंटार्कटिक वृत्त के बीच स्थित है तथा उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तरी ध्रुव और आर्कटिक वृत्त के बीच स्थित है। भूमध्य रेखा से दूर होने के कारण इन क्षेत्रों में केवल सूर्य की तिरछी किरणें ही पहुँच पाती है।

**12. यदि ग्रीनविच में दोपहर के 12 बजे हैं, तो ग्रीनविच के $30^o$ पूर्व में क्या समय होगा?**

(a) दोपहर 2 बजे (b) दोपहर 1 बजे
(c) सुबह 10 बजे (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (a):** ग्रीनविच देशान्तर रेखा को शून्य डिग्री देशान्तर रेखा व अन्तर्राष्ट्रीय समय रेखा भी कहते हैं। यह पृथ्वी के उत्तरी-दक्षिणी ध्रुवों को जोड़ती हुई लंदन के पास स्थित ग्रीनविच शहर से गुजरती है। ग्रीनविच देशान्तर से एक डिग्री पूर्व बढ़ने पर 4 मिनट के समय में वृद्धि तथा एक डिग्री पश्चिम बढ़ने पर समय में 4 मिनट की कमी होती है।
अतः 4 मिनट × 30 डिग्री = 120 मिनट = 2 घंटा
अतः ग्रीनविच देशांतर पर 12 बजे होने पर $30^o$ पूर्व के देशान्तर पर दोपहर 2 बजे का समय होगा।

## विश्व के महाद्वीप, देश, राजधानी एवं सीमाएं

**13. On which mountain is Tehran situated ?**
**तेहरान किस पर्वत पर स्थित है?**

(a) Zagros/जैग्रोस
(b) Alburz/एलबुर्ज
(c) Makran/मकरान
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (11-12) Exam 22/07/2024***

**Ans.(b):** तेहरान, ईरान का राजधानी शहर है। 14 मिलियन लोगों की आबादी वाला यह शहर विशाल एलबुर्ज पर्वत श्रृंखला के तल पर स्थित है।

**14. अभिकथन (A) : घाना तट पर सोने के समृद्ध प्लेसर जमाव पाए जाते हैं और ब्राजील में सोने की शिराएँ पाई जाती हैं।**
**कारण (R) : किसी समय ये महाद्वीप अटलांटिक तट के साथ एकसाथ संयुक्त थे।**
**सही उत्तर चुनिए।**

(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A गलत है पर R सही है
(d) A सही है पर R गलत है

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** घाना तट पर सोने के समृद्ध प्लेसर जमाव पाए जाते हैं और ब्राजील में सोने की शिराएँ पाई जाती है। इससे यह प्रमाणित होता है कि किसी समय ये महाद्वीप अटलांटिक तट के साथ एकसाथ संयुक्त थे।

**15. यू.ए.ई. के रियासती राज्य हैं**

(a) अबू धाबी, दुबई, शारजाह, अजमान, उम्म अल-कैन, फुजैराह, रास अल-खैमाह
(b) दुबई, शारजाह, अजमान, जेद्दा, कुवैत, बहरीन, उम्म अल-कैन

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

(c) उम्म अल-कैन, फुजैराह, रास अल खैमाह, रियाद, दम्मम, ताइफ, दुबई
(d) शारजाह, अबू धाबी, अजमान, फुजैराह, दुबई, बहरीन, कुवैत

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) को सात राज्यों में विभाजित किया गया है जो निम्न है-
(i) अबू धाबी (ii) दुबई (iii) शारजाह
(iv) अजमान (v) उम्म अल कैन (vi) फुजैराह
(vii) रास अल खैमाह

## भूगार्भिक इतिहास एवं शैलतंत्र

**16. Which of the following areas has the lower snow line?**
**निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसकी न्यून हिम रेखा है?**
(a) Equatorial region/भूमध्यरेखीय क्षेत्र
(b) Himalayan region/हिमालयी क्षेत्र
(c) Alps region/आल्प्स क्षेत्र
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 09/12/2023 (Paper-II)**

**Ans.(c):** पर्वतीय व ध्रुवीय क्षेत्र की वह रेखा जिसके ऊपर वर्षभर हिम का आवरण रहता है तथा बर्फ पूर्णतया कभी नहीं पिघलती है। उच्च अक्षांशों पर हिमरेखा काफी नीचे होती है। आल्पस क्षेत्र में हिमरेखा सामान्यतः 2700 मीटर की ऊँचाई तक होती है। जबकि हिमालय क्षेत्र में इसकी ऊँचाई 4500 मीटर है। भूमध्यरेखीय क्षेत्र में हिमरेखा सर्वाधिक ऊँचाई पर पायी जाती है।

**17. Minerals are deposited and accumulated in the strata of which of the following rocks?**
**खनिज में निम्नलिखित में से किस चट्टान के स्तर में जमा होता है?**
(a) Sedimentary rocks/अवसादी चट्टान
(b) Metamorphic rocks/रूपान्तरित चट्टान
(c) Igneous rocks/आग्नेय चट्टान
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 8/12/2023 (Paper-III)**

**Ans.(d):** खनिज विभिन्न प्रकार के शैलों में पाए जाते हैं। कुछ खनिज आग्नेय शैलों में पाए जाते हैं, कुछ कायांतरित शैलों में जबकि अन्य अवसादी शैलों में पाए जाते हैं। आग्नेय चट्टानों में प्रमुख रूप से लोहा, निकेल, ताँबा, सीसा, जस्ता, क्रोमाइट, मैंगनीज, सोना आदि प्रमुख होते हैं।
- अवसादी चट्टानों में खनिज तेल, प्राकृतिक गैस, कोयला के भंडार आदि प्रमुख है।
- रूपांतरित चट्टान के उदाहरण – फाइलाइट, शिस्ट, नीस, क्वार्टजाइट, मार्बल आदि।

**18. ''भूपटल के टुकड़े मेंटल में गति द्वारा निरंतर, धीमी गति से प्रवाहित होते हैं।'' इस सिद्धांत को क्या कहा जाता है।**
(a) महाद्वीपीय बहाव सिद्धांत (b) पैंजिया सिद्धांत
(c) प्लेट टेक्टॉनिक्स सिद्धांत (d) प्लेट सीमा सिद्धांत

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c) :** भूपटल के टुकड़े मेंटल में गति द्वारा निरन्तर धीमी गति से प्रवाहित होते है। इस सिद्धान्त को प्लेट टेक्टॉनिक्स सिद्धान्त कहा जाता है।

**19. The type of rocks which contain fossils are called**
**शैल, जिनमें जीवाश्म पाये जाते हैं,है**
(a) sedimentary rocks/अवसादी शैल
(b) metamorphic rocks/कायांतरित शैल
(c) igneous rocks/आग्नेय शैल
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (a) :** चट्टानों के चूर्ण होकर नीचे जमा होते जाने से ही अवसादी शैल का निर्माण होता है। इसकी रचना परतों के रूप में होने के कारण इसे परतदार शैल भी कहते हैं। अधिकतर जीवाश्म एवं खनिज तेल इसी प्रकार की चट्टानों में पाये जाते हैं। सम्पूर्ण भूपृष्ठ के लगभग 75% भाग पर अवसादी शैलों का विस्तार है।

## पर्वत, पठार तथा मरूस्थल

**20. पर्वत शिखर पर मिलने वाली चट्टानी सतह कहलाती है**
(a) फेलसेनमीर (b) फेल्ला
(c) फेल्ट (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (a) :** पर्वत शिखर पर मिलने वाली चट्टानी सतह फेलसेनमीर कहलाती हैं।

**21. सहारा किस प्रकार का रेगिस्तान है ?**
(a) ठंडा (b) गर्म
(c) मृदु (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** सहारा दुनिया का सबसे बड़ा गर्म मरुस्थल है। यह अफ्रीका महाद्वीप के उत्तरी हिस्से में स्थित है। यह 10 अलग-अलग देशों से सीमा साझा करता है। यह पृथ्वी के कुल भू-क्षेत्रफल का लगभग 8% भाग पर फैला है। इसका क्षेत्रफल 9.2 मिलियन वर्ग किलोमीटर है जो अफ्रीका के 31% भाग को कवर करता है।

**22. Which of the following is not young fold mountain?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा युवा वलित पर्वत नहीं है?**
(a) Aravallis/अरावली
(b) Andes/एण्डीज
(c) Appalachians/अप्लेशियन
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 09/12/2023 (Paper-II)**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans.(d):** उपर्युक्त विकल्पों में एण्डीज पर्वत को छोड़कर अरावली व अप्लेशियन दोनों ही युवा वलित पर्वत नहीं है। ये प्राचीन वलित/मोड़दार पर्वत है। यूराल पर्वत, अरावली पर्वतमाला और अप्लेशियन पुराने वलित पर्वत के उदाहरण है। जब चट्टानों में पृथ्वी की आंतरिक शक्तियों के कारण मोड़/वलन पड़ता है तो उसे वलित या मोड़दार पर्वत कहते हैं।

## ज्वालामुखी एवं भूकम्प

**23. Which one of the following earthquakes is very severe and disastrous ?**
**निम्न में से कौन-सा एक भूकम्प गम्भीर और विध्वंसकारी है?**

(a) Volcanic earthquake/ज्वालामुखीय भूकम्प
(b) Tectonic earthquake/भ्रंशमूलक भूकम्प
(c) Plutonic earthquake/प्लूटॉनिक भूकम्प
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (b) :** भ्रंशमूलक भूकंप एक गंभीर तथा विध्वंसकारी होते हैं। ये भूकंप प्लेट टेक्टोनिक सीमाओं पर आते हैं। इन भूकंपों के दौरान निकलने वाली ऊर्जा अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली होती है और इससे व्यापक क्षति होती है।

**24. What are the last signs of the activities of a volcano ?**
**ज्वालामुखी क्रिया की अंतिम प्रतीक क्या हैं?**

(a) Geysers/गेसर
(b) Craters/क्रेटर
(c) Famaroles/धुँआरे (वातिमुख)
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (c) :** ज्वालामुखी क्रिया के अंतिम प्रतीक धुँआरे (वातिमुख) है। गेसर गर्म जल के स्रोत है जिनसे समय-समय पर गर्म जल फुहारे के रूप में निकलते हैं। ज्वालामुखी छिद्र के ऊपर स्थित कीपाकार गर्त को क्रेटर कहते हैं।

**25. 'टफ' किससे सम्बन्धित है?**

(a) बहते जल से परिवहन (b) ज्वालामुखी राख
(c) अवसादी परत (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** टफ किसी ज्वालामुखी उद्गार के दौरान बाहर निकली ज्वालामुखी राख के संपींडन से गठित शैल का एक प्रकार है, टफ को कभी-कभी टूफा भी कहा जाता है खासकर तब, जब इस एक निर्माण सामग्री के रूप में इस्तेमाल किया जाता है हालांकि टूफा भी एक अलग प्रकार का शैल है, यदि किसी शैल में टफ का प्रतिशत 50 से अधिक होता है तो वह शैल टफमय कहलाता है।

**26. भ्रंश स्कार्प होता है**

(a) संरचनात्मक (b) अपरदनात्मक
(c) विवर्तनिक (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** भ्रंश स्कार्प विवर्तनिक विस्थापन से बनते है। यह एक समतल या रैखिक क्षेत्र है, जहाँ समतल के एक तरफ की चट्टानें दूसरी तरफ की चट्टानों से खिसक जाती हैं। यह आमतौर पर भूकंप से जुड़ी होती है।

**27. भूकंप की तीव्रता का मापन किस मशीन द्वारा किया जाता है?**

(a) बैरोमीटर (b) मैनोमीटर
(c) सिस्मोग्राफ (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** भूकंप की तीव्रता और अवधि का पता लगाने के लिए सिस्मोग्राफ का इस्तेमाल किया जाता है। इस यंत्र के जरिए धरती में होने वाले हलचल का ग्राफ बनाया जाता है। जबकि वैरोमीटर का प्रयोग वायुदाब मापन में और मैनोमीटर का प्रयोग दाब के लिए किया जाता है।

**28. Richter scale is used to measure**
**रिक्टर स्केल किस मापक का पैमाना है?**

(a) volcano eruption/ज्वालामुखी उद्गार
(b) flood intensity/बाढ़ की तीव्रता
(c) earthquake/भूकम्प
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans.(c):** भूकम्प की तीव्रता रिक्टर स्केल पर मापी जाती है।

**29. Which of the following is used to measure the intensity of earthquake?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा भूकम्प की गहनता नापने हेतु उपयोग में लाया जाता है?**

(a) Richter scale/रिक्टर पैमाना
(b) Mercalli scale/मरकेली पैमाना
(c) Great harbour wave/महान हार्बर तरंग
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 10/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (b) :** मरकेली पैमाना भूकंप की तीव्रता नापने हेतु उपयोग में लाया जाता है। भूकंप की गहनता का मापन, भूकंप की तीव्रता और उसके परिमाण से निकाला जाता है। जहाँ तीव्रता भूकंप मापन की गुणात्मक इकाई है वहीं परिमाण मात्रात्मक इकाई है।

**30. भूकंप के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) पी-तरंगें, अनुप्रस्थ तरंगें हैं।
(b) धरातल पर उद्गम केन्द्र के ऊपर के स्थान को अधिकेन्द्र कहते हैं।
(c) जानवरों के व्यवहार का अध्ययन स्थानीय लोगों द्वारा अपनाई गई भूकंप की भविष्यवाणी के तरीकों में से एक है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (d) :** भूकम्प में तरंगों के धरातल पर उद्गम केन्द्र के ऊपर के स्थान को अधिकेन्द्र कहते हैं। भूकम्प की भविष्यवाणी के अध्ययन में जानवरों के व्यवहार का अध्ययन एक कारगर उपाय है जिसे स्थानीय लोगों (मुख्यतः जनजातीय व पहाड़ी वासियों) द्वारा अपनाया जाता है।
भूकम्प के दौरान मुख्य रूप से तीन प्रकार की तरंगे उत्पन्न होती हैं–
1. **प्राथमिक अथवा अनुदैर्ध्य तरंगें –** इन्हें P-तरंगे भी कहा जाता है। ये सबसे पहले धरातल पर पहुँचती है। S तरंगों की तुलना में P तरंगें 66% अधिक तीव्र होती है।
2. **द्वितीय अथवा अनुप्रस्थ तरंगें –** इन्हें S तरंगें भी कहा जाता है। ये केवल ठोस माध्यम में ही विचरण करती है।
3. **धरातलीय तरंगें –** इन्हें L तरंगें भी कहा जाता है। ये सबसे अधिक प्रभावशील होती हैं और सबसे लंबा मार्ग तय करती हैं।

## अपवाह एवं नदियों के स्थित नगर, झीलें एवं जलप्रपात

**31. निम्नलिखित में से कौन-सी उथली झील है?**
(a) खारी झील (b) सुपोषण झील
(c) अल्पपोषी झील (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (a) :** उथली झील अथवा प्लाया का एक प्रमुख उदाहरण खारी झील या साल्ट पैन होती है। रेगिस्तान में पवन के अपघर्षण से बने गर्तो में जब कभी वर्षा जल जमा हो जाते हैं तो कुछ समय के लिए छिछली झीले बन जाती हैं। ऐसी उथली झीलों को ही प्लाया झील कहते हैं। प्लाया को अलग-अलग नामों से बुलाया जाता है, जो नमक स्लैट, नमक मार्श, सलादा, सालार नमक पैन या क्षार फ्लैट या सलीना हैं।

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
**1. सतह क्षेत्रफल के हिसाब से विक्टोरिया झील दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।**
**2. यह अफ्रीका की महान झीलों में से एक है।**
**3. इसकी सीमा चार देशों-तंजानिया, युगांडा, रवांडा और केन्या से लगती है।**
**4. विक्टोरिया झील से निकलने वाली एकमात्र धारा नील नदी है, जो युगांडा के जिंजा के पास झील से बाहर निकलती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन गलत हैं?**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 4
(c) 3 और 4 (d) 1 और 3
**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :** विक्टोरिया झील, अफ्रीका महाद्वीप में स्थित है। यह अफ्रीका की सबसे बड़ी तथा विश्व की मीठे पानी की दूसरी सबसे बड़ी झील हैं। इसकी सीमा तीन देशों केन्या, युगांडा और तंजानिया से लगती है। विक्टोरिया झील श्वेत नील नदी का उद्गम स्रोत है। विषुवत् रेखा इस झील से होकर गुजरती है।

**33. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उत्तरी अमेरिका महाद्वीप की लेक सुपीरियर के संबंध में सत्य है?**
(a) यह विश्व का खारे जल का सबसे बड़ा झील समूह है।
(b) यह कनाडा और यू.एस.ए. के मध्य भौगोलिक सीमा बनाती है।
(c) यह दोनों देशों के मध्य लगभग 1700 कि.मी. लम्बी सीमा बनाती है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (b) :** सुपीरियर झील उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्य भौगालिक सीमा बनाती है। सुपीरियर झील विश्व की तीसरी सबसे बड़ी झील है। यहाँ सुपीरियर सहित यू.एस.ए. की सीमा में संयुक्त रूप से जुड़ी हुई पाँच झीलें (पश्चिम से पूर्व) क्रमशः सुपीरियर, मिशिगन, ह्यूरन, इरी और ओंटारियो स्थित हैं।

**34. निम्नलिखित में से कौन-सा देश अमेज़न नदी बेसिन का एक हिस्सा है?**
(a) अर्जेंटीना (b) चिली
(c) वेनेजुएला (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (c) :** अमेजन नदी विश्व की सर्वाधिक विस्तृत व द्वितीय सबसे लम्बी नदी है। यह दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में एण्डीज पर्वत से निकलकर दक्षिण अमेरिकी देश पेरू, ब्राजील, बोलीविया, इक्वाडोर, कोलम्बिया, वेनेजुएला, गुयाना और सूरीनाम के जलग्रहण क्षेत्र से प्रवाहित होती हुई अटलांटिक महासागर में गिरती है।

## महासागरीय जलधारायें एवं महासागर

**35. एल नीनो धारा कहाँ प्रवाहित होती है?**
(a) प्रशान्त महासागर (b) हिन्द महासागर
(c) बंगाल की खाड़ी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** एल नीनो धारा प्रशान्त महासागर में प्रवाहित होती है। अल नीनो एक जलवायु पैटर्न है जो पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सतही जल के असामान्य रूप से तापन की स्थिति को दर्शाता है।

## जलसंधियां एवं महासागरीय गर्त

**36. Which of the following are joined by Panama Canal?/पनामा नहर निम्नलिखित में से किसको जोड़ती है?**
(a) Atlantic Ocean and Pacific Ocean /अटलांटिक महासागर एवं प्रशान्त महासागर
(b) Pacific Ocean and Indian Ocean /प्रशान्त महासागर एवं हिन्द महासागर
(c) Atlantic Ocean and Yellow Sea / अटलांटिक महासागर एवं पीला सागर
(d) More than one of the above / उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नही
**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (a):** पनामा नहर अटलांटिक महासागर एवं प्रशान्त महासागर को जोड़ती है। पनामा नहर, मानव निर्मित एक जलमार्ग है। यह पनामा देश में स्थित है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

## वायुमण्डल का संघटन

**37. Atmosphere receives most of its energy from:**
**वायुमण्डल अपनी अधिकतम ऊर्जा प्राप्त करती है**

(a) Long wave terrestrial radiation/दीर्घ पार्थिव विकिरण तरंगों से
(b) Short wave terrestrial radiation/लघु पार्थिव विकिरण तरंगों से
(c) Sun/सूर्य से
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (a)** : वायुमण्डल अपनी अधिकतम ऊर्जा दीर्घ पार्थिव विकिरण तरंगों से प्राप्त करती है। पृथ्वी को जो सूर्यातप प्राप्त होता है वह लघु तरंगों के रूप में होता है। परन्तु यह तरंगे वायुमंडल को गर्म नहीं करती हैं जब यह तरंगे पृथ्वी से टकराकर दीर्घ पार्थिव विकिरण के रूप में वापस वायुमंडल में प्रवेश करती है तो उसे गर्म करती है।

**38. The major and top source of oxygen in the atmosphere is:**
**वायुमण्डल में ऑक्सीजन का वृहद एवं उच्च स्त्रोत है**

(a) Photosynthesis by forest plants/जंगल के पौधों के प्रकाश संश्लेषण से
(b) Photosynthesis by oceanic plants/समुद्री पौधों के प्रकाश संश्लेषण से
(c) Photosynthesis by grassland ecosystem/घास के मैदानों के पारिस्थितिक तंत्र के पौधों के
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans.** (b) : वायुमण्डल में ऑक्सीजन का वृहद एवं उच्च स्त्रोत समुद्री पौधों के प्रकाश संश्लेषण से प्राप्त होता है। इसके पश्चात् जंगल के पौधों से प्राप्त होता है। समुद्री पौधे जैसे-फाइटो-प्लैंकटन, केल्प, शैवाल इत्यादि सबसे ज्यादा ऑक्सीजन पैदा करते हैं।

**39. Some facts about Ozone ($O_3$) are**
**ओजोन ($O_3$) के बारे में कुछ तथ्य हैं**

(a) It absorbs high wavelength radiation/यह उच्च तरंगदैर्ध्य की विकिरणों को अवशोषित करती है
(b) It is most stable gas of the atmosphere/यह वायुमण्डल की अत्यधिक स्थाई गैस है
(c) It is found in mesosphere/यह मध्यमण्डल में पाई जाती है
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans.** (e) : ओजोन ($O_3$) मध्यम आवृत्ति वाली पराबैगनी विकिरण को अवशोषित करती है। यह वायुमंडल में परिवर्तनशील गैस है जो समताप मंडल में पायी जाती है।

**40. वायु में ऑक्सीजन का प्रतिशत है**

(a) 0.04% (b) 0.93%
(c) 21% (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** पृथ्वी के वायुमण्डल में लगभग 78 प्रतिशत नाइट्रोजन और 21 प्रतिशत ऑक्सीजन पाया जाता है। अन्य गैसों में आर्गन 0.93%, $CO_2$ - 0.03% तथा नियॉन, हीलियम इत्यादि है।

**41. वायुमण्डल की किस परत में हवाई जहाज उड़ता है?**

(a) क्षोभमण्डल (b) समतापमण्डल
(c) मध्यमण्डल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (b) :** वायुमण्डल की परत समतापमंडल में हवाई जहाज उड़ती है। यह वायुमंडल की दूसरी परत और क्षोभमंडल के ऊपर और मध्यमंडल के नीचे पायी जाती है। यह शांत क्षेत्र है जिससे हवाई जहाज उड़ाना आसान होता है। इसी परत में ओजोन परत पायी जाती है।

**42. वायुमंडल की किस परत का तापमान सबसे कम होता है?**

(a) समतापमंडल (b) क्षोभमंडल
(c) मध्यमंडल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (c) :** वायुमण्डल में कई गैसों का सान्द्रण पाया जाता है। यह सान्द्रण भिन्न-भिन्न ऊँचाई पर अलग-अलग होता है। वायुमण्डल की सबसे निचली परत में क्षोभमण्डल स्थित है। यहाँ पर मौसम संबंधी सभी घटनाएं पायी जाती है। इसका तापमान लगभग $-58^oC$ होता है। जबकि समतापमंडल, क्षोभमण्डल से ऊपर लगभग 10-50 km तक फैली है। यहाँ का तापमान लगभग $4^oC$ होता है।

- मध्यमण्डल की ऊँचाई लगभग 85 km तक फैली है। इस परत में सबसे कम तापमान पाया जाता है। यहाँ का तापमान लगभग $-90^oC$ तक होता है।
- इसके बाद बाह्य वायुमण्डल या आयनमण्डल तथा बर्हिमण्डल पाया जाता है।

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पृथ्वी की सतह से शुरू होकर वायुमंडल की परतों का सही क्रम है?**

(a) क्षोभमंडल $\rightarrow$ समतापमंडल $\rightarrow$ मध्यमंडल $\rightarrow$ तापमंडल $\rightarrow$ बहिर्मंडल
(b) क्षोभमंडल $\rightarrow$ मध्यमंडल $\rightarrow$ समतापमंडल $\rightarrow$ तापमंडल $\rightarrow$ बहिर्मंडल
(c) क्षोभमंडल $\rightarrow$ मध्यमंडल $\rightarrow$ तापमंडल $\rightarrow$ समतापमंडल $\rightarrow$ बहिर्मंडल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**Ans. (a) :** पृथ्वी के वायुमण्डल का पृथ्वी की सतह से ऊपर की ओर क्रमशः क्षोभमण्डल (Troposphere) → समतापमण्डल (Stratosphere) → मध्यमण्डल (Mesosphere) → तापमण्डल/आयनमण्डल (Ionosphere) → बहिर्मंडल (Exosphere) है।
हमारे वायुमण्डल में नाइट्रोजन गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है। इसके पश्चात घटते क्रम में ऑक्सीजन, ऑर्गन, कार्बन-डाई-ऑक्साइड, निऑन, हीलियम, ओजोन व हाइड्रोजन हैं।

## वायुदाब, आर्द्रता एवं पवन संचार तथा चक्रवात

**44. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | फॉन | 1. | दैनिक हवा |
| B. | चिनूक | 2. | ठंडी स्थानीय हवा |
| C. | मिस्ट्रल | 3. | बर्फ खाने वाली हवा |
| D. | घाटी हवा | 4. | गर्म स्थानीय हवा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (a) :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| फॉन | – | गर्म स्थानीय हवा |
| चिनूक | – | बर्फ खाने वाली हवा |
| मिस्ट्रल | – | ठंडी स्थानीय हवा |
| घाटी हवा | – | दैनिक हवा |

**45. Which of the following blows from Mediterranean Sea to the Northwest part of India?/निम्नलिखित में से कौन-सा/सी भूमध्य सागर से भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग की ओर चलता/चलती है?**

(a) Western Disturbance/पश्चिमी विक्षोभ
(b) Norwester/कालबैसाखी
(c) Mango Shower/मानसून से पहले की वर्षा
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 09/12/2023 (Paper-II)**

**Ans.(a):** पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर से भारत के उत्तर पश्चिम भाग की ओर चलती है। पश्चिमी विक्षोभ को भूमध्य सागर में उत्पन्न होने वाले एक 'बहिरूष्ण उष्णकटिबन्धीय तूफान' के रूप में चिन्हित किया जाता है, जो एक निम्न दबाव का क्षेत्र है, तथा उत्तर-पश्चिम भारत में अचानक वर्षा, बर्फबारी एवं कोहरे के लिए जिम्मेदार है। यह विक्षोभ अत्यधिक ऊँचाई पर पूर्व की ओर चलने वाली 'वेस्टरली जेट धाराओं' के साथ यात्रा करते हैं। पश्चिमी-विक्षोभ की उत्पत्ति स्थल पश्चिम एशिया का भूमध्यसागरीय तटीय क्षेत्र है।

**46. शीतकाल में उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय रहने वाले पश्चिमी विक्षोभ का उत्पत्ति-स्थल है**

(a) एशिया माइनर
(b) पश्चिमी एशिया
(c) पश्चिमी एशिया का भूमध्यसागरीय तटीय क्षेत्र
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023(Paper- II) Shift-2**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

## जलवायु एवं घास के मैदान

**47. The grassland with scattered trees is called as: छितरे हुए वृक्षों वाले घास के मैदान कहलाते हैं**

(a) Savanna/सवाना
(b) Agroforest/कृषिवन
(c) Rain forest/वर्षा वन
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (a) :** छितरे हुए वृक्षों वाले घास के मैदान सवाना कहलाते हैं। यह एक उष्ण कटिबंधीय घास के मैदान है। सवाना घास के मैदानों में बिखरे हुए मध्यम आकार के पेड़ों के साथ एक जटिल पारिस्थितिकी तंत्र बनाते हैं।

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा जीवोम (बायोम) 'चैपेरेल' के रूप में जाना जात है?**

(a) उष्णकटिबन्धीय सवाना
(b) टैगा
(c) भूमध्यसागरीय झाड़ी वन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (c) :** भूमध्य सागरीय झाड़ी वन को जीवोम (बायोम) "चैपेरेल" के रूप में जाना जाता है। चैपेरेल पृथ्वी के प्रमुख बायोम में से एक है। इन क्षेत्रों में लम्बी गर्म, शत्रु ग्रीष्मकाल और हल्की बरसात वाली सर्दियाँ होती है। पारिस्थितिक तंत्र की विविधता का मतलब है कि चैपेरेल पौधों और जानवरों के एक बहुत ही विविध संग्रह का घर है। चैपेरेल शब्द का प्रयोग आमतौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चिमी भाग में किया जाता है। दुनियाँ के सबसे बड़े चैपेरेल क्षेत्रों में से एक कैलिफोर्निया में है, और इसमें तटीय और मध्य कैलिफोर्निया दोनों का अधिकांश भाग शामिल है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

## वन एवं मृदा

**49. मरूद्भिद् निम्नलिखित में से किस वन में पाए जाते हैं?**

(a) मरुस्थलीय वन (b) पर्वतीय वन
(c) आर्द्र पर्णपाती वन (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (a) :** 'मरूद्भिद' शुष्क आवास स्थलों, वनों अथवा मरूस्थलीय वनों में पायी जाने वाली वनस्पतियां हैं। ऐसे वासस्थलों में जल की अत्यधिक कमी पायी जाती है। इस प्रकार के पादप लम्बी अवधि के शुष्क अनावृष्टिकाल में भी जीवित रह सकते हैं। मरूद्भिदों के तने कंटकों में परिवर्तित हो जाते हैं।

**50. When running water cuts through clayey soils and makes deep channels, they lead to/जब बहता पानी चिकनी मिट्टी को काटता है और गहरे चैनल बनाता है, तो क्या होता है?**

(a) gully erosion/गली कटाव
(b) sheet erosion/शीट क्षरण
(c) deforestation/वनों की कटाई
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 15/12/2023 (Paper-IV)**

**Ans.(a):** जब बहता जल चिकनी मिट्टी को काटता है तो उस गहरे चैनल को गली कटाव या अवनलिका अपरदन कहते हैं। जिन प्रदेश में इनकी संख्या अधिक होती है, उसे 'उत्खात भूमि' कहते हैं। मृदा-अपरदन के प्रमुख चरण- बूँद अपरदन, परत अपरदन (Sheet Erosion) रिल अपरदन, अवनलिका अपरदन, धारा चैनल अपरदन (Stream Channel Erosion) है। अवनलिका अपरदन/गली कटाव (Gully Erosion) से प्रभावित चार वृहद क्षेत्र–पंजाब में शिवालिक क्षेत्र, चम्बल–यमुना दोआब, छोटा नागपुर प्रदेश व राजमहल पहाड़ी क्षेत्र, गुजरात में खंभात की खाड़ी क्षेत्र।

**51. 'Leaching' process is related to**
**'निक्षालन' प्रक्रिया संबंधित है**

(a) regions of hevy rainfall/भारी वर्षा क्षेत्र से
(b) minerals and soil/खनिज और मिट्टी से
(c) roots of plants/पौधों की जड़ों से
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 10/12/2023 (Paper-III)**

**Ans. (d) :** ऊपरी सतहों के अवयवों का अंतःस्त्राव द्वारा निचली सतहों में आने की क्रिया को निक्षालन कहते हैं। भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में खनिज पदार्थ मिट्टी के निचले संस्तर में चले जाते हैं। जो पौधों की जड़ों को प्राप्त नहीं हो जाते हैं। इस तरह के क्षेत्रों में लेटराइट मृदा पाई जाती है।

**52. Soil is formed by the process of/मिट्टी का निर्माण किस प्रक्रिया द्वारा होता है?**

(a) denudation /अनाच्छादन
(b) gradation /उन्नयन
(c) weathering /अपक्षय
(d) More than one of the above / उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नही

**BPSC TRE 2.0 18/12/2023 (Paper-II)**

**Ans. (c):** मृदा का निर्माण अपक्षय प्रक्रिया से होता है। अपक्षय या अपरदन के कारकों का चट्टान में विघटन होता है। चट्टान के अपक्षयित पदार्थों के रंध्रों में कुछ वायुमंडलीय गैसों, जैसे-नाइट्रोजन, ऑक्सीजन आदि का समावेश हो जाता है।

## खनिज एवं ऊर्जा संसाधन

**53. Which of the following is the source of renewable energy ?**
**निम्न में से कौन-सा नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है?**

(a) Coal/कोयला
(b) Nuclear fuel/नाभिकीय ईंधन
(c) Petroleum/पेट्रोलियम
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (e) :** नवीकरणीय ऊर्जा प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त ऊर्जा है जैसे-सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल-विद्युत, भू-तापीय ऊर्जा, महासागरीय ऊर्जा इत्यादि। कोयला, नाभिकीय ईंधन, पेट्रोलियम अनवीकरण ऊर्जा स्रोत है।

**54. Which is the major component of biogas ?**
**बायोगैस का प्रमुख घटक कौन-सा है?**

(a) Hydrogen sulphide/हाइड्रोजन सल्फाइड
(b) Methane/मिथेन
(c) Hydrogen/हाइड्रोजन
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (1-5) Re-exam 20/07/2024***

**Ans. (b) :** बायोगैस का मुख्य घटक मीथेन है। इसमें कार्बन डाई-ऑक्साइड, नाइट्रोजन, हाइड्रोजन इत्यादि भी पाये जाते हैं। बायोगैस एक नवीनकरणीय ऊर्जा स्रोत है, जो ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में कार्बनिक पदार्थ के टूटने से उत्पन्न होता है।

**55. ऊर्जा का गैर-परंपरागत स्त्रोत है**

(a) परमाणु ऊर्जा (b) बायोगैस
(c) भूतापीय ऊर्जा (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 1-5 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (d) :** गैर-परंपरागत ऊर्जा के स्रोत प्रकृति से उत्पन्न होते है जिन्हें नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत कहा जाता है। इसके अंतर्गत बायोमास, भू-तापीय ऊर्जा, सौर, पवन इत्यादि ऊर्जा पायी जाती है। जबकि परमाणु ऊर्जा परंपरागत ऊर्जा स्रोत है। इस प्रकार उत्तर (d) होगा।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

**56. The largest bauxite producer is**
**बॉक्साइट का सर्वाधिक उत्पादक है।**

(a) Africa/अफ्रीका
(b) Brazil/ब्राजील
(c) Australia/ऑस्ट्रेलिया
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (c) :** ऑस्ट्रेलिया, विश्व का सबसे बड़ा बॉक्साइट उत्पादक देश है। चीन, बॉक्साइट का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। बॉक्साइट एल्युमीनियम और गैलियम का अयस्क होता है। बॉक्साइट अवसादी चट्टान में पाया जाता है उल्लेखनीय है कि ओडिशा, भारत का सबसे बड़ा बॉक्साइट उत्पादक राज्य है।

**57. Fossil fuels are examples of which type of resources?/जीवाश्म ईंधन किस प्रकार के संसाधनों के उदाहरण हैं?**

(a) Renewable /नवीकरणीय
(b) Biological /जैविक
(c) Non-renewable /गैर-नवीकरणीय
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 7/12/2023 Shift-II (Paper-III)**

**Ans. (c):** जीवाश्म ईधन गैर-नवीकरणीय प्रकार के संसाधनों के उदाहरण है। जो संसाधन निरंतर उपयोग के बाद समाप्त हो सकते है, वे गैर-नवीकरणीय कहलाते है। ये पृथ्वी पर में सीमित मात्रा में पाए जाते हैं और इनका उपयोग स्थायी रूप से नहीं किया जा सकता है। उदाहरण- जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोलियम), खनिज आदि।

**58. महासागरीय पर्पटी के मुख्य खनिज घटक क्या हैं?**

(a) सिलिका और ऐलुमिना
(b) सिलिका और निकल
(c) सिलिका और मैग्नीशियम
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (c) :** किसी महासागर के ऊपरी परत को ही महासागरीय पर्पटी कहते हैं। महासागरीय पर्पटी में पाए जाने वाले मुख्य खनिज घटक सिलिका और मैग्नीशियम हैं। इसकी मोटाई 5 से 10 किलोमीटर तक पाई जाती है। इसमें कायान्तरित चट्टानों का अभाव है। इसके विपरीत महाद्वीपीय भूपर्पटी में लावा, राख, चूना पत्थर, बलुआ पत्थर व कायान्तरित चट्टानों की प्रधानता है। इस पर्पटी की मोटाई 30 से 50 कि.मी. तक पाई जाती है।

## मानव प्रजातियां

**59. अनधिवासी बस्तियाँ किस नाम से जानी जाती हैं?**

(a) अनौपचारिक बस्ती
(b) अगली कड़ी भूमि
(c) मड़ई नगर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE-3.0 6-8 Exam-2024 (Cancelled)***

**Ans. (a) :** अनधिवासी बस्तियों को अनौपचारिक बस्ती के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में विश्व में लगभग अरबों लोग अनौपचारिक बस्तियों में रहते हैं। अनौपचरिक बस्तियों को औपचारिक कानूनों और विनियमों के बाहर बने खराब गुणवत्ता वाले घरों या झोपड़ियों द्वारा परिभाषित किया जाता है।

**60. On the basis of fossils which is the origin place of man ?**
**जीवाश्म के आधार पर मानव उत्पत्ति केंद्र कौन-सा है?**

(a) Central Asia/मध्य एशिया
(b) Rift valley of Africa/अफ्रीका की रिफ्ट घाटी
(c) Jerusalem/जेरुसलम
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***BPSC TRE 3.0 (11-12) Exam 22/07/2024***

**Ans.(b):** जीवाश्म के आधार पर मानवों की उत्पत्ति लगभग 25 लाख वर्ष पहले आस्ट्रेलोपिथेकस नामक वानरों के एक जीन्स से हुआ। इन जीवाश्मों को पूर्वी अफ्रीका एवं अफ्रीका की रिफ्ट घाटी क्षेत्र से प्राप्त किया गया था।

**61. With decreasing population, the man-land ratio**
**जनसंख्या घटने से , मानव-भूमि अनुपात**

(a) decreases /घटता है।
(b) increases /बढ़ता है।
(c) remains constant /स्थिर रहता है।
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (b) :** जनसंख्या घटने से, मानव-भूमि अनुपात बढ़ता है। विभिन्न देशों की जनसंख्या की तुलना सामान्यतः उन देशों के जनसंख्या के घनत्व के अनुपात के रूप में की जाती है। इस विधि में मनुष्य और भूमि के अनुपात को ध्यान में रखते हुए तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है। इस तरीके में किसी क्षेत्र की कुल जनसंख्या के वितरण को देश के क्षेत्रफल में समान रूप से वितरित मानते हुए प्रति वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में कितनी जनसंख्या समाहित होती है, के अनुसार गणना की जाती है।

## कृषि एवं पशुपालन

**62. Golden fibre refers to**
**'सुनहरा रेशा' अभिप्राय है।**

(a) tea/चाय
(b) cotton/कपास
(c) jute/पटसन
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (c) :** सुनहरा रेशा (Golden Fibre) का अभिप्राय पटसन (Jute) से है। सबसे सस्ता प्राकृतिक रेशा होने के कारण जूट को सुनहरे रेशो से अभिहित किया जाता है। पश्चिम बंगाल, भारत का सबसे बड़ा जूट उत्पादक राज्य हैं।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com

63. **Tent of nomads in Baluchistan is called**
**बलूचिस्तान में चलवासी का तम्बू कहलाता है।**

(a) Kizashi /किजशी
(b) Klong /क्लांग
(c) Kloof /क्लूफ
(d) More than one of the above /उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 14/12/2023 Paper-I**

**Ans. (a) :** बलूचिस्तान में चलवासी (खानाबदोश) का तम्बू किजशी (Kizashi) कहलाता है। खानाबदोश से तात्पर्य उन लोगों से है जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर विचरण करके अपना जीवन व्यतीत करते हैं।

64. **स्थानांतरणशील कृषि के स्थानीय नाम और संबंधित देश का सही युग्म है**

(a) चेना – बांग्लादेश
(b) मिल्पा – रोडेशिया (जिम्बाब्वे)
(c) लदांग – मलेशिया
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC School Teacher 2023 (Paper II) Shift-1**

**Ans. (c) :** स्थानांतरणशील अथवा झूमिंग कृषि को मलेशिया और जावा में 'लदांग' नाम से जाना जाता है। इसे श्रीलंका में 'चेन्ना', मैक्सिको में 'मिल्पा या कोनूल/कोमिले', थाईलैंड में 'तमराई' म्यामार में 'तुंग्या' कांगों में 'मसोने' आदि नामों से जाना जाता है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार की कृषि को निम्नलिखित नामों से बुलाया जाता है–

| | | |
|---|---|---|
| वेवदहियार | – | बुंदेलखण्ड |
| दीपा | – | बस्तर जिला |
| बत्रा | – | दक्षिण-पूर्व राजस्थान |
| पोडू | – | आंध्र प्रदेश |
| कुमारी | – | पश्चिमी घाट में |

## विविध

65. **Stalactite and stalagmite structures are formed by**
**स्टैलेक्टाइट एवं स्टैलेग्माइट स्थलाकृतियाँ बनती हैं?**

(a) Wind action/पवन द्वारा
(b) Underground water/भूमिगत जल द्वारा
(c) Snow action/बर्फ द्वारा
(d) More than one of the above/उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BPSC TRE 2.0 8/12/2023 (Paper-III)**

**Ans.(c): स्टैलेक्टाइट–**कंदराओं में चूनेयुक्त जल के टपकने से कंदरा छत के सहारे चूने के जमाव से उल्टे स्तंभरूपी संरचना का निर्माण होता है, तो उसे स्टैलेक्टाइट कहते हैं।

**स्टैलेग्माइट–**कंदराओं की छत से फर्श पर टपकने वाले चूना मिश्रित जल से निर्मित स्तंभरूपी संरचना स्टैलेग्माइट कहलाती है।

- जब कभी स्टैलेक्टाइट व स्टैलेग्माइट आपस में मिल जाती है, तो उस संरचना को कंदरा स्तंभ कहते हैं।
- रोहतास पठार, कुटुमसर गुफा, चित्रकूट आदि में ये कंदरायें पायी जाती है।

66. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| | सूची-I (खोजकर्ता) | | सूची-II (जन्मस्थान) |
|---|---|---|---|
| a. | क्रिस्टोफर कोलंबस | 1. | पुर्तगाल |
| b. | जैक्स कार्टियर | 2. | यूनाइटेड किंगडम |
| c. | सर फ्रांसिस ड्रेक | 3. | इटली |
| d. | फर्डिनेंड मैगलन | 4. | फ्रांस |

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (a) :** सही सुमेलित है।

| **सूची-I (खोजकर्ता)** | | **सूची-II (जन्मस्थान)** |
|---|---|---|
| क्रिस्टोफर कोलंबस | – | इटली |
| जैक्स कार्टियर | – | फ्रांस |
| सर फ्रांसिस ड्रेक | – | यूनाइटेड किंगडम |
| फर्डिनेंड मैगलन | – | पुर्तगाल |

67. **थाडिंग्युट महोत्सव का तीन-दिवसीय उत्सव किस देश में मनाया जाता है?**

(a) चिली
(b) नेपाल
(c) जर्मनी
(d) म्यांमार

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (d) :** थाडिंग्युट महोत्सव का तीन-दिवसीय उत्सव म्यांमार में मनाया जाता है। थाडिंग्युट महोत्सव को म्यांमार का प्रकाश महोत्सव भी कहा जाता है। म्यांमार में लोग हर साल पूर्णिमा के दिन यह त्योहार मनाते हैं।

68. **लगातार नई परत जोड़ने वाली प्रक्रिया निम्नलिखित में से कौन-सी है?**

(a) निम्नस्खलन (सबडक्शन)
(b) भूकंप
(c) समुद्रतल का फैलाव
(d) संवहन

**69th BPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c):** लगातार नई परत जोड़ने वाली प्रक्रिया समुद्रतल का फैलाव है। सामान्य स्थिति में समुद्री तल का फैलाव महाद्वीपीय भूमि में दरार के रूप में शुरु होता है। 1960 के दशक के शुरुआत में भूविज्ञानी हैरी हेस ने समुद्र तल के फैलाव की परिकल्पना को रखा, जिसमें मध्य महासागर की चोटियों पर वेसाल्टिक मैग्मा से समुद्र तल का निर्माण शामिल था। कटक के हर तरफ समुद्र तल कटक गहरे समुद्र की खाइयों की ओर बढ़ता है जिससे वह जलमग्न हो जाता है। जब जल यहाँ से गहरे समुद्र की तरफ चला जाता है तो यहाँ नई परत का निर्माण होता है चूँकि यह प्रक्रिया चलती रहती है जिससे नई परते बनती रहती है।

Download Teacher Rahmat Mobile Application www.teacherrahmat.com